हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शनिवार 05 जुलाई 2025
सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

## समीक्षा बैठक : सभी संकेतकों को पूर्ण करने के दिए निर्देश

# राज्य शासन की प्राथमिकताओं का लाभ सभी को मिले: राज्यपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद




प्रदेश के राज्यपाल रमेन डेका ने शुक्रवार को पिथौरा के गोड़बहाल में विकासखंड स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर पिथौरा में आकांक्षी विकासखंड के अंतर्गत चल रहे विकास कार्यों, शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, कृषि, कौशल विकास, वित्तीय समावेश एवं बुनियादी ढांचे में सुधार को लेकर विभागीय प्रदर्शन की विस्तृत समीक्षा की और सभी विभागों को निर्देशित किया कि आकांक्षी विकासखंड के सभी संकेतकों को 90 प्रतिशत से अधिक लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए तेजी से कार्य करें। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकताओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए सभी विभाग समन्वित प्रयास करें।

राज्यपाल ने महिला स्व सहायता समूहों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि समूहों की आर्थिक गतिविधियों का और विस्तार किया जाए। इस अवसर पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने जिले की प्रगति और लक्ष्यों की पूर्ति को प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि जिले में आकांक्षी जिला कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षा, स्वच्छता, जल प्रबंधन, महिला सशक्तिकरण और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में निरंतर विकास के लिए प्रयास किया जा रहा है। शिक्षा में नवाचार और सहभागिता से पिथौरा, बागबाहरा और महासमुंद विकासखंड के 40 चयनित ग्राम पंचायतों के 77 स्कूलों में पंचायतों के नेतृत्व में आधारभूत मूल्यांकन कार्य सफलतापूर्वक हुआ। विशेष रूप से कमजोर और पढ़ाई छोड़ चुके छात्रों के लिए अतिरिक्त अध्ययन समय की व्यवस्था की गई है। 213 शिक्षकों को विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए प्रशिक्षित किया गया। 6 ग्राम पंचायत हाई स्कूलों में सामुदायिक पुस्तकालय स्थापित किए गए। जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में 18 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की। उन्होंने बताया कि 55 ग्राम पंचायतों को ओडीएफ प्लस मॉडल का दर्जा प्राप्त हुआ है और 98 सामुदायिक शौचालयों का निर्माण किया गया है। ब्लॉक में 84 प्रतिशत परिवारों को फंक्शनल नल जल कनेक्शन उपलब्ध कराया गया है। सभी गांव खुले में शौच से मुक्त घोषित हो चुके हैं। 100 पंचायतों को टीबी मुक्त पंचायत घोषित किया गया है। 112 सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं। 400 से अधिक एनीमिया पीड़ित किशोरियाँ अब स्वस्थ हो चुकी हैं। 51 बच्चे गंभीर कुपोषण श्रेणी से बाहर आ चुके हैं। महिला सशक्तिकरण और आर्थिक समृद्धि की दिशा में 6 स्वयं सहायता समूहों ने अपने उत्पादों के लिए ट्रेडमार्क प्राप्त किया है। अधिकांश स्वयं सहायता समूह आर्थिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से संलग्न हैं। कृषि के क्षेत्र में पिथौरा ब्लॉक के 27461 किसानों को केसीसी के माध्यम से 176.35 करोड़ रुपए का ऋण वितरित किया गया है। 23000 किसान पीएम किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थी हैं। 1160 मृदा स्वास्थ्य कार्ड बनाए गए हैं। ब्लॉक में सभी पशुओं को एफएमडी टीका लगाया जा चुका है। डिजिटल और वित्तीय समावेशन के लिए 614 बैंकिंग टच पॉइंट (बैंक शाखा, बीसी केंद्र) ब्लॉक में कार्यरत हैं। पीएम डिजिटल साक्षरता अभियान के अंतर्गत 250 नागरिकों को डिजिटल प्रमाणन प्रदान किया गया है। 86 प्रतिशत से अधिक नागरिकों के आयुष्मान भारत कार्ड बनाए गए हैं। बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, महिला एवं बाल विकास, और अन्य विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।







सरल, सौम्य एवं कर्मशील व्यक्तित्व के धनी, महासमुंद लोकसभा सांसद
मान.रूपकुमारी चौधरी जी
को (5 जुलाई)
जन्मदिन की हार्दिक
बधाई एवं शुभकामनाएं...
मान. विष्णुदेव साय जी
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन
मान. रूपकुमारी चौधरी जी
सांसद, लोकसभा महासमुंद
मान. येतराम साहू जी
जिलाध्यक्ष, भाजपा महासमुंद
मान. अल्का चंद्राकर जी
छाया विधायक, खल्लारी विधानसभा
प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा छत्तीसगढ़
विनीत : समस्त कार्यकर्ता, खल्लारी विधानसभा


महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद
मान. रूपकुमारी चौधरी जी
को जन्मदिन (5 जुलाई) की
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
मान. श्रीमती रूपकुमारी चौधरी जी
सांसद, लोकसभा क्षेत्र महासमुंद
मान. किशन पटेल जी
मा. भीखम सिंह ठाकुर (नेताम) जी
उपाध्यक्ष, जिला पंचायत महासमुंद
मान. श्रीमती मोंगरा किशन पटेल जी
अध्यक्ष, जिला पंचायत महासमुंद
श्रीमती देवकी पटेल
रवि फरौदिया
श्रीमती रामदुलारी सिन्हा
श्रीमती जगमोती भोई
श्रीमती सीमा नायक
श्रीमती देवकी पुरूषोत्तम दीवान
लोकनाथ बारी
कुमारी भास्कर
नैन पटेल
विनीत:- समस्त शुभचिंतक गण

हरिभूमि
महासमुंद भूमि
रायपुर, शनिवार 05 जुलाई 2025



# रुक-रुककर हो रही बरिश के चलते बढ़ रहा वायरल फीवर का प्रकोप

## जिला अस्पताल में ओपीडी में हुई मरीजों की बढ़ोत्तरी, कोरोना सतर्कता दरकिनार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

क्षेत्र में रुक-रुककर हो रही बारिश और मौसम में लगातार बदलाव के कारण मौसमी बीमारियों का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। अचानक बारिश के धूप और फिर बदली छाने से लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है।

शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहित निजी अस्पतालों और मेडिकल स्टोरों में मरीजों की भारी भीड़ देखी जा रही है। सर्दी, खांसी और बुखार के मरीज सबसे अधिक आ रहे हैं, जिनमें खासकर छोटे बच्चे और उम्रदराज लोग शामिल हैं। छोटे बच्चो को उल्टी-दस्त के साथ बुखार जैसे समस्या में वृद्धि हुई है। जिला अस्पताल में प्रतिदिन 500 से अधिक मरीज रोजना ओपीडी इलाज के लिए पहुंच रहे हैं।

जिला अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार वायरल फीवर वाले मरीजों की संख्या बड़े है। सर्दी, खासी जैसे मरीज भी रोजाना पहुंच रहे हैं जिसके कारण अस्पताल में मरीजो की भीड़ देखा जा सकता है।

हालांकि अभी मलेरिया एवं डेंगू जैसे मामले नहीं आया है। आने वाले दिनो में अगर मौसम में नमी इसी तरह बनी रही तो लोगों को परेशानी हो सकती है।

### इन बीमारियों का बढ़ा खतरा

बदलते मौसम में छोटे बच्चों को सबसे ज्यादा वायरल और बैक्टीरियल संक्रमण का होता है, छोटे बच्चों में सर्दी-जुकाम, बुखार, खांसी के मरीज सामान्य अस्पताल में पहुंच रहे है। इसीलिए, बचाव से जुड़े पहलुओं पर ध्यान रखते हुए उत्तम स्वास्थ्य प्राप्त किया जा सकता है। बच्चों को बीमारी से बचाने के लिए सफाई और कपड़ों का खास ध्यान रखने की आवश्यक्ता है।



### छोटे बच्चों का रखें विशेष ध्यान

यदि बच्चा घुटने के बल चलता है तो आपको ज्यादा सावधानी बरतने की जरूरत है। घर के फर्श को साफ रखें और ऐसा कुछ भी फर्श न रहने दें जिसे बच्चा उठाकर मुंह में डाल सके। बच्चों की साफ सफाई का ध्यान रखें और नियमित रूप से हाथ धुलवाते रहें। बच्चे को बासी भोजन और पानी से दूर रखें। बच्चे को पर्याप्त तरल पदार्थ दें। बदलते मौसम में यदि बच्चे में किसी बीमारी के लक्षण दिखते हैं तो तुरंत चिकित्सक को दिखाएं।

## समस्या : मुख्य मार्ग के किनारे छोटे से हिस्से में बस स्टैंड का संचालन

# हाईटेक बस स्टैंड की मांग आज तक पूरी नहीं हुई, यातायात का बढ़ रहा दबाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर में वर्षों से चली आ रहे हाईटेक बस स्टैंड की मांग आज तक पूरी नहीं हो पाई है। जिला मुख्यालय की अनुमानित जनसंख्या करीबन 85 हजार है परंतु आज भी यहां व्यवस्थित एवं हाईटेक बस स्टैंड का निर्माण नहीं हो पाया है। आज भी मुख्य मार्ग के किनारे छोटे से हिस्से में बस स्टैंड का संचालन हो रहा है। यहां रायपुर, बागबाहरा, राजिम, तुमगांव, आरंग, आदि स्थानों के लिए प्रतिदिन यात्री बसों का आवागमन होता है। इन बसों की वजह से बस स्टैंड के सामने मुख्य मार्ग पर प्रतिदिन कई बार मार्ग अवरुद्ध हो जाता है, जिसके चलते शहर से बाहर हाईटेक बस स्टैंड निर्माण आवश्यक हो गया है। बस स्टैंड में सुविधा के अभाव के चलते लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने बताया है कि बस स्टैंड में पानी की व्यवस्था नहीं है। पानी पीने के लिए दुकान या होटल, ढाबों का सहारा लेना पड़ता है। बता दें, वर्ष 2017 में नगरीय प्रशासन विभाग की ओर से हाईटेक बस स्टैंड निर्माण के लिए स्वीकृति दी गई थी। यह समस्या शहर के विकास के लिए बड़ी बाधा बन गई है।

जानकारी के मुताबिक, हाईटेक नया बस स्टैंड के लिए सबसे पहले साढ़े चार करोड़ रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति हुई थी, जो लैप्स हो गए। पिछले साल इसी प्रोजेक्ट का प्राक्कलन तैयार कर पालिका प्रशासन ने दोबारा नगरीय प्रशासन को भेजा। इस प्रोजेक्ट की लागत में पहले की तुलना में अनुमानित एक करोड़ और बढ़ गया। पालिका ने साढ़े पांच करोड़ का प्रस्ताव तैयार किया। इसके लिए खैरा गांव में जमीन का चिह्नांकन भी किया गया, लेकिन संबंधित क्षेत्र में अतिक्रमण की वजह से अधिग्रहण नहीं हो पाया।





### स्वच्छ व पर्याप्त पेयजल उपलब्ध नहीं

यद्यपि निजी बस संचालकों द्वारा यात्रियों के लिए पेयजल की व्यवस्था किसी प्रकार किया जा रहा है, परंतु आज भी इन यात्रियों को स्वच्छ व पर्याप्त पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। प्रतिदिन लाखों रुपए की आय करने वाले इस बस स्टैंड असुविधाजनक परिस्थितियों को देखते हुए शहर के बाहर स्थान का चयन करने हाईटेक बस स्टैंड का निर्माण आवश्यक हो चला है।

### राइट वाटर सिस्टम की हालत खराब

बस स्टैंड में यात्री प्रतीक्षालय के पास बने राइट वाटर सिस्टम की हालत खराब है। इसमें अधिकतर नल टूटे हुए हैं और एक नल जो चालू है उसके पास भी कचरा फैला है। यात्री प्रतिक्षालय में बैटे यात्रियों ने बताया है कि इसकी हालत बहुत दिनों से ऐसा ही है जिसको अब तक सुधारा नही गया है। जिसके कारण साफ पानी के लिए परेशानी झेलना पड़ता है।

### छोटा पड़ रहा पुराना बस स्टैंडः राकेश

जिला बस एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश चंद्राकर ने कहा कि बस स्टैंड में जगह की कमी हो रही है। करीब 26 साल पहले जब नींव रखी गई थी, तब यहां की बसाहट और बसों की संख्या काफी कम थी। आज बसों की संख्या ढाई सौ के आसपास हो चुकी है। शहर में आबादी बढ़ने से यातायात का दबाव भी बढ़ा है। सामने नेशनल हाईवे होने के कारण यहां बसों के प्रवेश और निकासी में भी परेशानी हो रही है।

### जमीन को लेकर अटका मामलाः निखिलकांत

अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने कहा, शहर में हाईटेक बस स्टैंड बेहद जरूरी है। लेकिन, इसके लिए जमीन तय होने के बाद ही आगे की योजना बन पाएगी। इस संबंध में कलेक्टर से चर्चा हुई थी पर जमीन को लेकर मामला अटक गया। हाईटेक बस स्टैंड के निर्माण के लिए वर्तमान में खैरा या लभरा खुर्द ही सबसे उपयुक्त है।



# बारिश के चलते नाले का स्टॉप डेम धंसा बुजुर्ग धंसा मुरुम में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के सिंघोडा थाना क्षेत्र के रक्शा गांव में बारिश के चलते एक बुजुर्ग मरूम के नीचे दब गया। दरअसल, जब वह नाले पर बने स्टॉप डैम पर खड़ा था इस दौरान पानी के तेज बहाव और भीतरी रिसाव के चलते स्टॉप डैप का मुरूम अचानक अंदर धंस गया। जिससे मौके पर खड़ा बुजुर्ग शोभा राम जमीन के भीतर धंस गया। आस-पास मौजूद ग्रामीणों ने देखा उन्होंने अधेड़ को ढूंढने की कोशिश की लेकिन वह नहीं दिखा। इसके बाद ग्रामीणों ने तत्काल इसकी पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और अधेड़ को ढूंढने की कोशिश की और ओडिशा से एनडीआरएफ की टीम बुलाई गई। घटना के 24 घंटे बाद भी अब तक अधेड़ को नहीं ढूंढा जा सका है। गोताखोर नाले के अंदर जाकर भी अधेड़ को खोजने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन, अब तक कोई सफलता नहीं मिल सकी है। फिलहाल रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। मामले में सराईपाली एसडीएम नम्रता चौबे ने कहा कि पानी का बहाव तेज है।

घटना स्थल के आसपास पानी रोकने का प्रयास जारी है। 24 घंटे से लगातार हम प्रयास कर रहे हैं। अधेड़ की 15 से 20 फीट नीचे दबे होने की आशंका है। पोकलेन मशीन की सहायता से मिट्टी हटाया जा रहा है। ब्लॉक स्तर के सभी अधिकारी-कर्मचारी मौके पर मौजूद हैं।

## खबर संक्षेप

### सूने घर से 5 हजार रुपए की चोरी

**महासमुंद।** बागबाहरा के शांति नगर के एक सूने घर से 5 हजार रुपए की चोरी हो गई। घटना को लेकर शुभम साहू पिता चमन लाल साहू उम्र 28 वर्ष निवासी शांति नगर सरस्वती मैदान ने बागबाहरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी किराए के मकान में रहता है और 3 जुलाई को परिवार के साथ गांव गया था। इसी दिन रात्रि को अज्ञात चोर ताला तोड़कर 5000 रुपए नगद चोरी कर लिया। मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है।

### कार की टक्कर से बाइक चालक घायल

**महासमुंद।** ग्राम खपरीडीह के पेट्रोल पंप के साथ एक कार की ठोकर से बाइक चालक घायल हो गया। सरायपाली पुलिस ने बताया कि 1 जुलाई को करीब 11 बजे सुरजीत बारीक, उसकी माता शोभागिनी बारीक हीरो होंडा मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 केबी 5800 से ग्राम मुडपहार से छिंदपाली दशगात्र कार्यक्रम में सम्मिलित होने जा रहे थे। जब वे सुखदेव पेट्रोल पंप के सामने ग्राम खपरीडीह पहुंचे उसी समय पदमपुर रोड की ओर से आ रही किया सोनेट कार के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर पीछे से मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट से सुरजीत को छाती, कंधे, पीठ में चोट लगी और शोभागिनी बारीक को सिर, कमर, छाती में गंभीर चोट लगी है। रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले पर कार्रवाई

**महासमुंद।** ग्राम हाड़ाबंद में लोगों को शराब पीने-पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले आरोपी के खिलाफ खल्लारी पुलिस कार्रवाई की है। पुलिस ने मामले में अशोक चाय ठेला के बाजू हाडाबंद चौक ग्राम हाड़ाबंद के पास लोगों को अवैध रूप से शराब पीने-पिलाने की सुविधा उपलब्ध करा रहे आरोपी जगन्नाथ चंद्राकर पिता दौवा राम चन्द्राकार (57 वर्ष) के खिलाफ धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

# नगरीय निकाय कर्मचारी आज करेंगे मुख्यमंत्री निवास का घेराव

**महासमुंद।** प्रदेशभर के नगरी निकाय के नियमित कर्मचारी अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर 5 जुलाई को मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेंगे। नवयुक्त अधिकारी कर्मचारी नगरी निकाय कल्याण संघ के बैनर तले पूरे प्रदेशभर के नगरी निकाय कर्मचारी राजधानी रायपुर नगर निगम बिल्डिंग व्हाइट हाउस के सामने स्थित उद्यान में एकत्रित होकर वहां से शासन विरुद्ध नारा लगाते हुए रैली के रूप में चलकर मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेंगे।



नवनियुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी व पालिका कर्मचारी संघ अध्यक्ष सुरेश तिवारी ने बताया कि घेराव और धरना प्रदर्शन को लेकर पूरी तैयारी हो गई है। पूरे प्रदेश के दूरदराज वनांचल क्षेत्र से भी कर्मचारी साथी एक दिन पूर्व बसों से अपने निवास स्थान से निकल गए हैं। आंदोलन, घेराव को स्थगित करने के लिए लगातार संचनालय और पुलिस प्रशासन का दबाव आ रहा है। इससे प्रतीत हो रहा है कि प्रशासन आंदोलन को लेकर से डरी हुई है। प्रदेश के सभी श्रेष्ठ नेतृत्व पदाधिकारीयो के पास लगातार घेराव को रोकने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। परंतु, जब तक शासन अपने कुंभकरण नींद से नहीं जागेगी तब तक हमारा यह आंदोलन रुकने वाला नहीं। हमारी तीन सूत्री मांगे बहुत ही न्याय उचित और स्पष्ट है और ऐसी कोई भी मांग नहीं जिसे सरकार पूरा न कर सके। हमारी मांगे वही है, जो अन्य विभाग के कर्मचारियों को सुविधा दी जाती है। महीने की पहली तारीख को वेतन का भुगतान, पुरानी पेंशन योजना लागू करने और बरसों से एक ही पद पर कार्यरत कर्मचारियों को पदोन्नति प्रदान करने यह तीनों महत्वपूर्ण मूलभूत मांगे किसी भी कर्मचारी के लिए अति आवश्यक है।

# खाद संकट पर गरजे विधायक द्वारिकाधीश यादव

## कांग्रेस का बागबाहरा मंडी में उग्र घेराव, किसानों की जमीन हड़पने की साजिश का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के किसानों को खाद संकट को लेकर कांग्रेसियों ने शुक्रवार को सिर्री पठारीमुड़ा मंडी परिसर में प्रदर्शन किया। विधायक द्वारिकाधीश यादव के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और किसानों ने भाजपा सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए खाद और बीज की भारी किल्लत पर कड़ा विरोध जताया।

विधायक द्वारिकाधीश यादव ने मंच से सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि डबल इंजन सरकार के पूंजीपति मित्र किसानों की जमीन पर गिद्ध दृष्टि गड़ाए बैठे हैं। सरकार खुद किसानों को खाद और बीज से वंचित कर, कर्ज में डुबाकर उनकी जमीन छीनने की साजिश कर रही है। विधायक यादव ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में किसानों को कर्जमुक्ति और सम्मान मिला था, लेकिन आज की भाजपा सरकार ने योजनाबद्ध तरीके से पहले खाद की कमी पैदा की, फिर रबी सीजन में उन्हें परेशान किया, और अब जब किसान फसल बेचने पहुंचे तो समर्थन मूल्य में खरीदे हुए धान की नीलामी कर दी जिससे धन का रेट धड़ाम से नीचे गिर गया और जहां किसानों को 2200 से 2300 प्रति क्विंटल मिलने वाला थावहीं किसानों को 15 से 1600 में अपनीखून पसीने की कमाई को बेचना पड़ा।



### आंदोलन बना संदेश, किसान अकेला नहीं है

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि यह सिर्फ एक प्रदर्शन नहीं, एक चेतावनी है कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो कांग्रेस गांव-गांव जाकर जनजागरण करेगी और सरकार को सड़कों पर घसीटेगी।

### इनकी रही मौजूदगी

इस दौरान शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ठाकुर, जनपद पंचायत अध्यक्ष केशव नायकराम चंद्राकर, महेंद्र चंद्राकर, आंदोलन प्रभारी भरत सिंह, युवा कांग्रेस अध्यक्ष एवं नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि ताम्रध्वज बघेल, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवेश साहू, मनोहर ठाकुर, अशोक अग्रवाल, गिरीश पटेल , पुष्पेंद्र चंद्राकर, शहजान पाशा, पोखराज साहू, सफी मोहम्मद, खोमेश साहू, फूलसिंह ध्रुव, दिनेश मोगरे, नवनीत सलूजा, मयंक शर्मा, आदित्य,मिथुन आमिर, लोकेश दीवान मोहन बांधे, विष्णु महानंद, चंद्रकांत सेन, मंता यादव, पार्षद रमेश ठाकुर, लोकेश उइके, करीम हुसैन, रामजीलाल सिंह, सुनील चंद्राकर, सनी महानंद, राजू साहू चेतन चंद्राकर, कुशल साहू, राजेश सिंहा, हुलास चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

# राज्यपाल रमेन डेका ने विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद कर दिए सफलता के मंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राज्यपाल रमेन डेका शुक्रवार को शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल गोड़बहाल पहुंचे। यहां वे अध्यापक की भूमिका में नजर आए और कक्षा 9वीं, 10वीं, 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद किया। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, समय प्रबंधन और कड़ी मेहनत का महत्व समझाते हुए जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

राज्यपाल ने सरल भाषा में सीवी रमन इफेक्ट के बारे में जानकारी दी और बताया कि शिक्षा में भाषा कभी भी बाधा नहीं होती। उन्होंने कहा कि स्कूल केवल पढ़ाई का स्थान नहीं है, बल्कि यह बौद्धिक विकास का केंद्र है। बातचीत के दौरान उन्होंने 3 इडियट्स फिल्म का उदाहरण देते हुए विद्यार्थियों से फिल्म के सकारात्मक संदेश को अपनाने की सलाह दी। राज्यपाल डेका ने विद्यार्थियों को नई शिक्षा नीति के प्रमुख बिंदुओं से भी अवगत कराया और कहा कि यह नीति विद्यार्थियों को उनकी रुचि और क्षमताओं के अनुसार सीखने के अवसर प्रदान करती है। अपने संवाद के दौरान राज्यपाल ने जानकारी दी कि टॉपर्स विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए पुरस्कार प्रदान किया जा रहा।





आत्मीय संवाद के दौरान कक्षा 12वीं की छात्रा दिव्या ने राज्यपाल से अपने लक्ष्य साझा करते हुए कहा कि वह यूपीएससी परीक्षा के माध्यम से आईएएस बनना चाहती हैं। राज्यपाल डेका ने उन्हें यूपीएससी की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए और धैर्य तथा कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। इसी तरह विद्या राजपूत ने भी यूपीएससी की तैयारी के लिए मार्गदर्शन प्राप्त किया, उन्हें भी राज्यपाल ने विशेष टिप्स और हौसला प्रदान किया। इस दौरान कलेक्टर विनय कुमार लंगेह मौजूद रहे।

**राज्यपाल में किया पौधरोपणः** राज्यपाल रमेन डेका ने शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल गोड़बहाल परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत नीम का पौधा रोपित किया। राज्यपाल द्वारा पर्यावरण संरक्षण और जन-जागरूकता के उद्देश्य से इस पौधरोपण कार्यक्रम में सहभागिता दी गई। इस दौरान उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों एवं जनसमुदाय को अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया।

### मारपीट, दो लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** मकान की बात को लेकर एक व्यक्ति के साथ दो लोगों ने मारपीट कर दी। पुलिस को उदेराम चक्रधारी निवासी ग्राम जगदल्ला ने बताया कि 2 जून को साप्ताहिक बाजार की वसूली करने गया था। उसी समय गांव के भुवन चक्रधारी पिता रामप्रसाद चक्रधारी, दुलेश चक्रधारी पिता रामप्रसाद चक्रधारी शराब भट्ठी की ओर से आए और घर बंटवारा की बात को लेकर ताना मारने लगे। इसके बाद दोनों भाईयों ने गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 115(2), 351(2), 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।


जीवेत्-शरदः शतम्
महासमुंद
लोकसभा की लोकप्रिय सांसद
मान. रूपकुमारी चौधरी जी
को (5 जुलाई) जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
Happy Birthday
मान. रूपकुमारी चौधरी जी
सांसद, लोकसभा-महासमुंद
भाजपा मंडल अध्यक्ष
हलधर साव
नरहरी पोरते
अभिमन्यु प्रधान
नरेंद्र साव
आशिष शर्मा
लोकेश पनुरिया
नितिन जैन
रूपेश साहू
तेजेंद्र शर्मा
निलकंठ साहू
महेंद्र सिक्का
दिग्विजय साहू
चंद्रहास गोल चंद्राकर
डॉली ध्रुव
डिलेश्वरी चंद्राकर
गूंजन अग्रवाल
निलांबर तांडी
डेविड चौधरी
दंडधर साव
अनिल साहू

# मेडिकल कालेज ओके रिपोर्ट के लिए रिश्वत, रावतपुरा मेडिकल कालेज के चेयरमैन का नाम नामजद आरोपियों में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

मेडिकल कालेज का वार्षिक निरीक्षण कर ओके रिपोर्ट देने एनएमसी की टीम को रिश्वत देने के मामले में सीबीआई ने देश के अलग-अलग राज्यों में जो कार्रवाई की है, उस मामले में सीबीआई ने अब तक 35 डॉक्टरों के साथ केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अफसरों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की है। सीबीआई ने जिन 35 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है, उनमें छत्तीसगढ़ के श्री रावतपुरा सरकार इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च सेंटर के डायरेक्टर सहित आधा दर्जन डॉक्टर के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

- देश के अलग-अलग राज्यों के मेडिकल कालेज सहित स्वास्थ्य मंत्रालय से जुड़े 35 अफसर, डॉक्टरों के खिलाफ एफआईआर


मान्यता देने 55 लाख रुपए लेन-देन करने का आरोप, सीबीआई ने तीनों आरोपी को पेश किया

मान्यता के लिए घोस्ट फैकल्टी, नकली मरीज के साथ दिखाई फर्जी मौजूदगी, इसलिए धरे गए

सीबीआई ने रावतपुरा मेडिकल कालेज के जिन आधा दर्जन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है, उनमें रावतपुरा मेडिकल कालेज का नाम शामिल है। इसके अलावा चेयरमैन, डायरेक्टर अतुल तिवारी, मेडिकल कालेज के डॉक्टर अतिन कुंडू, अकाउंटेट लक्ष्मीनारायण चंद्राकर, संजय शुक्ला के नाम शामिल हैं। इन पर आरोप है कि इन लोगों ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा गठित वार्षिक निरीक्षण दल को रिश्वत देकर ओके रिपोर्ट हासिल करने की कोशिश की। ओके रिपोर्ट हासिल करने में सफल हो पाते, इसके पूर्व सीबीआई ने साजिश नाकाम करते हुए अपराध दर्ज कर रिश्वत देने तथा लेने वालों को गिरफ्तार कर जांच शुरू कर दी।

### जीरो इयर घोषित

*मेडिकल कालेज को वार्षिक निरीक्षण में ओके रिपोर्ट देने रिश्वत देने के खेल का पर्दाफाश होने के बाद रावतपुरा मेडिकल कालेज को वर्ष 2025-26 शैक्षणिक सत्र के लिए जीरो इयर घोषित कर दिया गया है। नए सत्र में मेडिकल कालेज के फर्स्ट इयर के छात्रों का दाखिला नहीं हो पाएगा। स्वास्थ्य मंत्रालय के नार्म्स पूरा होने के बाद अगले वर्ष के फर्स्ट इयर के लिए एडमिशन संभव हो पाएगा। अर्थात इस वर्ष के लिए प्रथम इयर के छात्रों के लिए मान्यता शिथिल कर दी गई है।*

### अपात्र को पात्र बताने की साजिश

*मेडिकल कालेज के लिए गठित निरीक्षण टीम देश के अलग-अलग राज्यों में संचालित सरकारी के साथ गैर सरकारी मेडिकल कालेज का हर वर्ष वार्षिक निरीक्षण करने जाती है। निरीक्षण के बाद कालेजों में इन्फ्रास्ट्रक्चर देखने के साथ ही अन्य व्यवस्था की मौके पर जानकारी हासिल करती है।*

# सड़क निर्माण में की गई गड़बड़ी जांच कराने आयुक्त को ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर




बिरगांव निगम क्षेत्र में पाइपलाइन विस्तार के साथ ही लोगों की सुविधा के लिए सड़क निर्माण में गड़बड़ी की गई है। यह आरोप लगाते हुए निगम के पूर्व नेता प्रतिपक्ष भीखम लाल देवांगन ने गुरुवार को निगम आयुक्त युगल किशोर उर्वाशा को ज्ञापन दिया है। उन्होंने वार्डों में गुणवत्ताहीन सड़कों का निर्माण करवाने वाले जिम्मेदारों पर कार्रवाई के लिए भी मांग की है।

निगम आयुक्त से निर्माण में गुणवत्ता का पालन नहीं किए जाने का उल्लेख करते हुए निर्माण की जांच और दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में जिक्र किया है कि वार्डों में पाइप लाइन बिछाने के बाद जिन सड़कों को बनवाया गया, उनमें भी गुणवत्ता का पालन नहीं किया है। इससे बुधवारी बाजार से हनुमान मंदिर और प्राथमिक विद्यालय मार्ग ही नहीं, बल्कि वार्ड में बनवाई गई कई सड़कें उखड़ने लगी हैं।








जीवेत्-शरदः शतम्
महासमुंद लोकसभा की लोकप्रिय सांसद
मान. रूपकुमारी चौधरी जी
को जन्मदिन (5 जुलाई) की
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
मान. श्रीमती रूपकुमारी चौधरी जी
सांसद, लोकसभा क्षेत्र महासमुंद
मान. नीलाम्बर तांडी जी
भाजपा मण्डल अध्यक्ष-बलौदा
विनीत : समस्त भाजपा मंडल परिवार-बलौदा




मान. रूपकुमारी चौधरी जी
सांसद महासमुंद लोकसभा को
(5 जुलाई) जन्मदिवस की
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं


जीवेत्-शरदः शतम्
महासमुंद लोकसभा की लोकप्रिय सांसद
मान. रूपकुमारी चौधरी जी
को (5 जुलाई) जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
मान. रूपकुमारी चौधरी जी
सांसद, लोकसभा-महासमुंद




महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की मिलनसार, सरल, सहज सांसद
मा. श्रीमती रूपकुमारी चौधरी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई..! शुभकामनाएँ..!
05 जुलाई
मा. रूपकुमारी चौधरी
सांसद, महासमुंद लोकसभा
श्री कलाराम नायक
प्राधिकृत अध्यक्ष
प्राथमिक साख सहकारी समिति नर्रा
पं.क्र. 1061
श्री लोचन राम पटेल
प्राधिकृत अध्यक्ष
प्राथमिक साख सहकारी समिति परसुली
पं.क्र. 862
विनीत : समस्त भाजपा कार्यकर्तागण खल्लारी विधानसभा
जीवेत शरदः शतम्
महासमुन्द लोकसभा के लोकप्रिय सांसद
माननीय श्रीमती रूपकुमारी चौधरी जी
को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं...
मान.मोनिका साहू जी
जिला उपाध्यक्ष-भाजपा महासमुन्द
लोचन पटेल
जनपद सदस्य एवं प्राधिकृत अध्यक्ष-परसुली
कुलेश देवांगन
महामंत्री बागबहार शहर मण्डल
प्रकाश पटेल
महामंत्री बागबाहरा ग्रामीण मण्डल
राजेश ठाकुर
महामंत्री बागबाहरा ग्रामीण मंडल
अतुल गोंडेचा
महामंत्री बागबाहरा शहर मण्डल
मुकेश कुमार चंद्राकर
अध्यक्ष प्रा. सा. समिति मुनगासेर
गुलशन बघेल
प्राधिकृत अध्यक्ष प्राथ सहकारी समिति मोगरापाली
लेखमणि पटेल
मंडल महामंत्री
हिरेंद्र उपाध्याय
मंडल महामंत्री कोमाखान
हरीश जगत
सरपंच खाडादरहा
नकुल यादव
महामंत्री
लोकेश पटेल
महामंत्री
सुजीत साहू
मंडल महामंत्री खल्लारी
ताराचंद देवांगन
मण्डल महामंत्री खल्लारी
राजेश साहू
देव वरण नायक
डिमन सिन्हा
ब्रम्हदत्त पटेल
घनश्याम साहू
भीमा साहू
छन्नूलाल साहू
छबिलाल नाग
दिनबन्धु सेन
कन्हैया नायक
संकलनकर्ता : ललित पटेल, गीतांजली न्यूज एजेंसी नर्रा, विज्ञापन एवं समाचार व ईश्तहार के लिए संपर्क करें : मो. 9981919140


स्थापना वर्ष 2014
VIPS
आइये मेडिकल के क्षेत्र में अपना भविष्य बनायें...
विजन पैरामेडिकल
INFORMATION | CAREER GUIDANCE | ADMISSION
COUNSELING & COACHING CENTER
प्रवेश प्रारंभ
गुणवत्ता युक्त एवं विश्वसनीय सेंटर
सभी पाठ्यक्रम छत्तीसगढ़ में नौकरी
एवं रजिस्ट्रेशन हेतु मान्य है।
मो.: 9340751120, 9131330801, 7869622725
गर्ल्स हॉस्टल सुविधा उपलब्ध
योग्यता - 12वीं (जीव विज्ञान)
COURSES
BACHELOR IN MED.LAB.TECHNICIAN - 3 Years
DIPLOMA IN MED.LAB.TECHNICIAN - 2 Years
DIPLOMA IN AYURVEDIC PHARMACY - 2 Years
DIPLOMA IN X-RAY TECHNICIAN - 2 Years
DIPLOMA IN OPTHELMIC TECHNICIAN - 2 Years
CERTIFICATE IN OT TECHNICIAN - 1 Years
पता : राछाभाठा (नवागढ़) जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.), कोबिया सृजन ITI के पीछे, बेमेतरा (छ.ग.)


सरल, सौम्य एवं कर्मशील व्यक्तित्व के
धनी, महासमुंद लोकसभा सांसद
मान.रूपकुमारी चौधरी जी
को (5 जुलाई) जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..
Happy Birthday
टीकेलाल साव
सांसद प्रतिनिधि
जिला-महासमुंद
समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें
जर्नलिस्ट आर.के. दास (अधिकृत पत्रकार, बसना-महासमुंद) आदर्श नगर बसना 7400503002, 8319871590


मा. कामता प्रसाद पटेल जी
प्रदेश मंत्री, भाजपा पिवमो
मा. डॉ प्रकाश पटेल जी
वरिष्ठ भाजपा नेता सरायपाली
मा. चंद्रकुमार पटेल जी
पूर्व अध्यक्ष, नगर पालिका सरायपाली
मा. धनेश नायक जी
जिला सह कोषाध्यक्ष भाजपा
मा. विद्या चौधरी जी
पूर्व मंडल अध्यक्ष, भाजपा भंवरपुर
महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद
श्रीमती रूपकुमारी चौधरी जी
को जन्मदिन (5 जुलाई) की
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
मान. श्रीमती रूपकुमारी चौधरी जी
सांसद, लोकसभा क्षेत्र महासमुंद
मान. धमेंद्र 'मुकेश' चौधरी जी
उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत सरायपाली
मान. श्रीमती लक्ष्मी हरिशचंद्र पटेल जी
अध्यक्ष, जनपद पंचायत सरायपाली
विनीत :
जनपद पंचायत
सरायपाली
अधिकृत संवाददाता- शंकर लहरे सरायपाली (ग्रामीण)
विज्ञापन-समाचार हेतु
संपर्क करें-7694085811

## खबर संक्षेप



### गुरु पूर्णिमा पर निबंध प्रतियोगिता आज


**महासमुंद।** गुरु पूर्णिमा पर बच्चों में गुरु के प्रति श्रद्धा, विश्वास तथा भारतीय संस्कृति में गुरु के महत्व को समझने और उनके आदर्शों पर चलने के लिए गुरु का हमारे जीवन पर महत्व विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 5 जुलाई (शनिवार) को प्रातः 9 से 10 बजे तक विद्यालय स्तर पर आयोजित की जाएगी। इसमें कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। विद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की सूची 7 जुलाई तक गायत्री शक्तिपीठ महासमुंद को प्रेषित की जानी है। चयनित विद्यार्थी विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता के लिए पात्र होंगे। विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 10 जुलाई (गुरुवार) को प्रातः 9 बजे गायत्री शक्तिपीठ महासमुंद में किया जाएगा। ब्लॉक स्तर पर प्रथम पुरस्कारः 801 रुपए, द्वितीय 501, तृतीय 301 रुपए एवं मोमेंटो प्रदाय किया जाएगा। साथ ही सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। सभी संस्था प्रमुखों से अनुरोध है कि वे इस प्रतियोगिता का आयोजन अपने-अपने विद्यालयों में सुनिश्चित करें और प्रथम स्थान प्राप्त विद्यार्थी की सूची निर्धारित तिथि तक प्रेषित करें।

### कैलाश होंगे नपा में सांसद प्रतिनिधि



**सरायपाली।** लोकसभा सांसद रुपकुमारी चौधरी ने सरायपाली निवासी भाजपा नेता कैलाश चंद्र अग्रवाल को नगर पालिका परिषद के लिए अपना सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया है। अग्रवाल वर्तमान में भाजपा कार्यकारिणि सदस्य, पूर्व भाजपा मंडल उपाध्यक्ष, सोसायटी सदस्य, पूर्व सरपंच, जनपद सदस्य, सभापति व अन्य पदों पर रहे हैं। अग्रवाल ने कहा कि क्षेत्र की सांसद रुपकुमारी चौधरी ने सांसद प्रतिनिधि बनाकर जो भरोसा जताया है, वे उस पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

### तेंदूकोना महाविद्यालय को मिला नया भवन विधायक के प्रयासों से स्वीकृत हुआ 4.63 करोड़



बागबाहरा। खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत संचालित तेंदूकोना महाविद्यालय को शीघ्र ही नया भवन मिलने जा रहा है। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने पूर्व में विधायक द्वारिकाधीश यादव से कॉलेज भवन की मांग की थी, जिसे गंभीरता से लेते हुए विधायक यादव द्वारा 4 करोड़ 63 लाख 42 हजार की राशि स्वीकृत कराई गई है। यह कार्य वर्तमान में निविदा प्रक्रिया के अधीन है और जैसे ही यह प्रक्रिया पूर्ण होगी। महाविद्यालय भवन निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। इस निर्णय से क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को शीघ्र ही बेहतर शैक्षणिक वातावरण में अध्ययन करने का अवसर प्राप्त होगा। भवन स्वीकृति की सूचना मिलते ही तेंदूकोना क्षेत्र में हर्ष और उल्लास का माहौल है।

### खुटेरी में निकाली गई प्रभु जगन्नाथ रथयात्रा

**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम खुटेरी में प्रभु जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली गई। जिसमें आस पास गांवों के श्रद्धालुजन भगवान का आशीर्वाद लेने के लिए पहुंचे। भगवान का एक झलक और प्रसाद लेने के लिए लोगों की भारी भीड़ लगी। इस शोभायात्रा में किशनपुर बालिका कीर्तन मंडली का प्रस्तुति बहुत आकर्षक रहा। इस दौरान ग्राम के सरपंच सुशील मांझी, उपसरपंच ग्रेशम पटेल, ग्राम के विश्वनाथ मांझी, पूर्व सरपंच रघुनंदन पटेल, ग्राम अध्यक्ष महेश राम ध्रुव, हंसराज निषाद आदि मौजूद रहे।

# बसना के संकुल समन्वयकों ने बीईओ और बीआरसी पर लगाए गंभीर आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

विकासखंड बसना में शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर संयुक्त शिक्षक साझा मंच और शैक्षिक संकुल समन्वयक शिक्षक संघ के सदस्यों ने गहरा असंतोष जताया है। संगठन के सदस्यों ने कलेक्टर महासमुंद को ज्ञापन सौंपते हुए विकासखंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) जेआर डहरिया एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वयक (बीआरसी) पूर्णानंद मिश्रा को हटाने की मांग की है।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि उपरोक्त दोनों अधिकारियों द्वारा समन्वयकों के साथ दबावपूर्वक रात्रि में भी कार्य कराया जा रहा है, जिससे हमारे पारिवारिक दायित्व निर्वहन में प्रतिदिन तनाव उत्पन्न हो रहा है। समनवयकों की नई नियुक्ति मनामाने ढंग से नियमों को ताक में रखकर बिना उच्च अधिकारी के अनुशंसा के अपने चहते शिक्षकों को समन्वयक बनाया जा रहा है। नए समन्वयक नियुक्ति में प्राचार्य की अनुशंसा एवं प्रस्ताव को दरकिनार कर मनमाने ढंग से नियुक्ति की जा रही है। संभागीय संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग रायपुर एवं जिला स्त्रोत केंद्र समन्वयक (डीएमसी) के नाम से समन्वयकों को डरा धमकाकर जबरदस्ती पैसे की वसूली की जा रही है। प्री आडिट करने के नाम पर आदेश निकाल कर पैसों की वसूली की जा रही है। बिना कोई ठोस कारण के संकुल समन्वयकों को परेशान करने एवं धौंस जमाने के नाम पर कारण बताओ नोटिस जारी किया जा रहा है एवं पैसे की वसूली की जा रही है। कुछ समन्वयकों को चिन्हांकित कर टारगेट करते हुए विशेषकर अनुसूचित जाति गांड़ा- अमृत लाल चौहान समन्वयक चिपरीकोना एवं मनबोध नंद समन्वयक भूकेल को उन्हें प्रत्येक बैठक में मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। 27 जून 2025 को टारगेट कर समन्वयक भूकेल एवं समन्वयक चिपरीकोना के यहां संभागीय संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग रायपुर की टीम के साथ भ्रमण किया गया एवं संकुल समन्वयकों को सभी शिक्षकों के सामने अपमानित किया गया।

उक्त भ्रमण के दौरान बिना स्पष्टीकरण के समन्वयक भूकेल मनबोध नंद को निलंबित किया गया, यह निलंबन उक्त दोनों अधिकारी के प्रस्ताव के आधार पर किया गया। जबकि, भूकेल संकुल मनबोध नंद का कार्य संतोषजनक था। विकास खंड स्त्रोत केंद्र समन्वयक द्वारा प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया जा रहा है, उनके द्वारा मनमानी करते हुए आदेश निर्देश जारी किया जा रहा है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी जेआर डहरिया एवं विकासखंड स्त्रोत केंद्र समन्वयक पूर्णानंद मिश्रा को तत्काल प्रभाव से हटाने की मांग की है। अन्यथा जब तक उपरोक्त दोनों अधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई नहीं की जाती, तब तक विकासखंड बसना के समस्त संकुल समन्वयक किसी भी प्रकार के समन्वयक से संबंधित कार्य नहीं करेंगे तथा 5 जुलाई 2025 से विकासखंड बसना के सभी शिक्षक संगठन एवं समस्त संकुल समन्वयक द्वारा शाला बहिष्कार करने के लिए बाध्य होने की चेतावनी दी गई है।



कलेक्टर के नाम स्थानीय अफसरों को सौंपा ज्ञापन

# हरियाली बचाने सड़क पर उतरे पूर्व मुख्यमंत्री, पिथौरा में हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा (ग्रामीण)

छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का

**तमनार में पेड़ कटाई और ज़मीन अधिग्रहण के खिलाफ कांग्रेस का विरोध**

तमनार प्रवास के दौरान गुरुवार को पिथौरा के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित लहरौद में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। इस मौके पर कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह और जोश देखने को मिला। स्वागत समारोह का नेतृत्व खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने किया।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रायगढ़ जिले के तमनार क्षेत्र में हो रही अवैध पेड़ कटाई और किसानों की जमीनों के जबरन अधिग्रहण के विरोध में सड़क पर उतरे हैं। कांग्रेस नेताओं ने सरकार पर आरोप लगाया कि कॉर्पोरेट हितों के लिए राज्य की हरियाली और आदिवासियों की ज़मीन को बर्बाद किया जा रहा है। उनका कहना है कि वे पर्यावरण और आदिवासी हितों की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेंगे। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के साथ-साथ बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। प्रमुख रूप से पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष आत्माराम यादव, पूर्व जनपद अध्यक्ष सत्यभामा नाग, पूर्व जप उपाध्यक्ष मुकेश यादव, महिला कांग्रेस अध्यक्ष लता ठाकुर, के डी नाग , दिनेश नामदेव, विकास शर्मा, राजू सिन्हा, आशु अग्रवाल, प्रफुल्ल राजपूत, अरविंद छाबड़ा, प्रेमलाल सिन्हा, शैलेंद्र डड़सेना, गोपाल पांडेय, मनीष अग्रवाल, सचिन घरडे, फिरोज खान, लोकेश ध्रुव, थानूराम सिन्हा, चीनी पटेल तथा बसना विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष कौशल रोहिल्ला सहित सैकड़ों कार्यकर्ता इस स्वागत कार्यक्रम में शामिल हुए।



## नर्रा के ग्रामीण छात्रों को अब मिलेगा देश के प्रतिष्ठित आईआईटी मद्रास से पढ़ने का अवसर

**नर्रा।** बागबाहरा विकासखंड के शासकीय कुलदीप निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नर्रा के शिक्षक सुबोध कुमार तिवारी के प्रयासों से ग्रामीण स्कूल के विद्यार्थियों को अब देश के प्रतिष्ठित संस्थान से अध्ययन का मौका मिलेगा। आईआईटी मद्रास के स्कूल कनेक्ट प्रोग्राम के तहत जिले के अंतिम छोर पर स्थित इस ग्रामीण स्कूल का चयन हुआ है। संस्था के प्राचार्य सुबोध कुमार तिवारी ने बताया कि आईआईटी मद्रास के इस प्रोग्राम से जुड़ने की वजह से यहां के छात्र अब आईआईटी से कई रोजगार परक पाठ्यक्रम की पढ़ाई कर सकते हैं। जिसमें डेटा साइंस मशीन लर्निंग, इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे 10 विषय सम्मिलित हैं। ऑनलाइन मोड में होने वाले इन पाठ्यक्रमों में इस विद्यालय के छात्रों को विशेष सुविधा दी जाएगी। विद्यालय में उपलब्ध आधुनिक प्रोजेक्टर स्मार्ट क्लास जैसी सुविधाओं के उपयोग से विद्यार्थी आसानी से इन पाठ्यक्रमों को पूरा कर पाएंगे। परीक्षा पूर्ण करने के पश्चात यहां के छात्रों को आई आई टी का प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाएगा। गौरतलब है कि इसके पूर्व भी इस विद्यालय के छात्रों ने आई आई टी मुंबई के सहयोग से सोलर लैंप असेंबल कार्यशाला किया था। सुबोध कुमार के नेतृत्व में विद्यालय लगातार उच्च शैक्षणिक संस्थानों के अध्यापकों से ऑनलाइन जुड़कर यहां के छात्रों को लाभ मिल रहा है। इंटेल के सहयोग से इस विद्यालय के विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक सिखाया गया था, जिससे यह के दो ऐ आई प्रोजेक्ट को इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्रालय नई दिल्ली ने 2021 में देश के टॉप 20 प्रोजेक्ट में सम्मिलित किया था। यहां के अटल टिंकरिंग लैब को नीति आयोग ने देश के परफॉर्मिंग एटीएल की सूची में रखकर शिक्षक सुबोध कुमार तिवारी को एक्सेंपलरी टीचर ऑफ चेंज बनाया है।

## स्काउ्स-गाइड्स का वृहद पौधरोपण कार्यक्रम 7 को

**महासमुंद।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के राज्य अध्यक्ष व सांसद रायपुर बृजमोहन अग्रवाल, राज्य मुख्य आयुक्त डा. सोमनाथ यादव के मार्गदर्शन में 7 जुलाई को छत्तीसगढ़ राज्य के सभी जिला मुख्यालयों एवं विकासखंडों में एक साथ पौधरोपण कार्यक्रम अभियान चलाया जाएगा। वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के लिए जिला स्तरीय कार्यकारिणी एवं परिषद की बैठक में पौधरोपण किए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया है।

पौधरोपण की संक्षिप्त रूपरेखा तैयार करने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जिलाध्यक्ष येतराम साहू, राज्य मुख्यालय आयुक्त राहुल चंद्राकर, जिला उपाध्यक्षगण जय पवार, आनंद साहू, सुधा साहू, पदेन जिला आयुक्त स्काउट विजय लहरे, जिला मिशन समन्वयक रेखराज शर्मा, मुख्यालय आयुक्त नंद किशोर सिन्हा, सहायक संचालक सतीश नायर, रामकुमार साहू, जिला सचिव प्रमोद कुमार कन्नौजे, जिला संगठन आयुक्त स्काउट अवधेश विश्वकर्मा, जिला संगठन आयुक्त गाइड लीनू चंद्राकर की उपस्थिति में चर्चा की गई। जिसके अनुसार 7 जुलाई को प्रातः 11 बजे जिला स्तरीय वृहद पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। साथ-साथ इसी दिन सभी विकासखंड मुख्यालयों में पौधरोपण कराने के लिए निर्देशित किया गया है। इस आयोजन में जिला के स्काउट गाइड के पदाधिकारियों को आमंत्रित किया जाएगा। कार्यक्रम में कलेक्टर, सीईओ जिला पंचायत, पुलिस अधीक्षक, डीएफओ द्वारा भी पौधरोपण किया जाएगा। पौधों की व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक तैयारी, गड्ढे, खाद वन विभाग द्वारा किया जाएगा। नगर के सभी स्कूलों से स्काउट गाइड शामिल होंगें। ट्री गार्ड, फैंसिंग की व्यवस्था जनसहयोग से किया जाएगा। स्काउट गाइड के जिला मुख्य आयुक्त एवं बीज विकास निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, जिला सलाहकार दाउलाल चंद्राकर, उपाध्यक्ष सौरिन चंद्रसेन, अशोक अग्रवाल, धर्मशीला दास ने इस महाअभियान में शामिल होकर अधिक से अधिक पौधरोपण करने का संकल्प दोहराने के लिए कहा है।

## मुख्यमंत्री ग्राम सड़क इकाई को सारंगढ़ स्थानांतरित करना जिले के साथ सौतेला व्यवहार : विनोद

### जिले के अनेक ग्रामीण सड़क बदहाल फिर इस इकाई के लिए काम नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने शासन द्वारा जिला मुख्यालय स्थित मुख्यमंत्री ग्राम सड़क इकाई के दफ्तर को सारंगढ़ जिला स्थानांतरित किए जाने की कार्रवाई को महासमुंद जिले के साथ शासन का उपेक्षा पूर्ण सौतेला व्यवहार निरूपित किया है। चंद्राकर ने कहा कि एक तरफ जिलेभर के ग्रामीण सड़कों की स्थिति बदतर स्थिति में होने की खबरें आए दिन सामने आ रहे हैं। वहीं, जिले में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क इकाई के लिए काम नहीं होने की बात कहकर यहां से इस कार्यालय को सारंगढ़ भेजा जा रहा है। चंद्राकर ने कहा कि उनके कार्यकाल में जिले के ग्रामीण सड़कों के निर्माण, जीर्णोद्धार कार्यों को गति प्रदान करने यह दफ्तर खुलवाया गया था। लेकिन, भाजपा के जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा व शासन के सौतेला व्यवहार से इस महत्वपूर्ण दफ्तर को यहां से हटाया जा रहा है।

# अव्यवस्था फैलाने वाले अफसरों के युक्तियुक्तकरण की मांग को लेकर कल शिक्षक फेडरेशन करेगा पदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

व्यवस्था के नाम पर अव्यवस्था फैलाने वाले अफसरों के युक्तियुक्तकरण की एक सूत्रीय मांग को लेकर छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ब्लॉक इकाई के पदाधिकारी और शिक्षक 5 जुलाई को स्थानीय लोहिया प्रांगण से मुख्यमंत्री निवास तक पदयात्रा करेंगे।

पदयात्रा की तैयारी को लेकर एक वर्चुअल बैठक हुई। बैठक में पदयात्रा की तैयारी को लेकर जिम्मेदारी प्रदान की गई। भोजन नाश्ता चाय प्रबंध प्रभारी आत्माराम साहू, राजेश चंद्राकर, अजय बंजारे को बनाया गया है। यात्रा प्रभारी दिगेश पुरेना, जितेंद्र साहू, संदीप साहू, महिला प्रकोष्ठ की जवाबदारी मुनिया निर्मलकर, नूतन दुबे, सीमा यादव को सौंपी गई है। बैनर पोस्टर वाहन व्यवस्था रात्रि विश्राम की जवाबदारी लव निर्मलकर, लोकेश ध्रुव, बलराम नेताम, राजेश चंद्राकर को सौंपी गई है। पदयात्रा प्रभारी बाबू लाल ध्रुव, सिराज बक्श, ईश्वर चंद्राकर, बीपी मेश्राम को बनाया गया है। बैठक को संबोधित करते हुए फेडरेशन के प्रदेश सचिव ईश्वर चंद्राकर ने कहा कि लगातार ज्ञापन देने के बाद भी शिक्षा विभाग के अफसरों ने हमारी मांगों पर कोई सुनवाई नहीं की। आंदोलन के अगले क्रम के तहत संगठन ने तय किया है कि सत्याग्रह के पथ पर चलते हुए पैदल मार्च करेंगे और राज्य के मुख्यमंत्री से निवेदन करेंगे कि शिक्षकों की तरह अब अफसरों का भी युक्तियुक्तकरण किया जाए। शिक्षा निखारने की जवाबदारी दी गई, आज वहीं अफसर शिक्षा की व्यवस्था को लचर कर रहे है। शासन के नियमों का खुला उल्लंघन कर रहे है। प्रामाणिक जानकारी देने के बाद भी इन अफसरों पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती। आज महासमुंद का शिक्षक मजबूर होकर पदयात्रा कर राज्य के मुखिया के पास जाकर फरियाद करेगा। बैठक को संबोधित करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष बाबू लाल ध्रुव ने कहा कि हम लोगों ने यह आंदोलन अवकाश के दौरान चुना है। आंदोलन से बच्चों की शिक्षा पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। यह पदयात्रा वेतन की बढ़ोतरी की मांग की लेकर नहीं है, हमारा यह आंदोलन प्रदेश का ऐतिहासिक आंदोलन बनने जा रहा है। जब शिक्षक अपने ही विभाग के आला अधिकारी के खिलाफ मुखर होकर आवाज बुलंद कर रहा है। उन्होंने कहा कि बात बात पर शिक्षकों को नियम का हवाला देने वाले अफसर किस प्रकार शासन के नियमों की धज्जियां उड़ा रहे है, अगर इसे देखना है तो महासमुंद में देख सकते है। निलंबन अवधि में संविलियन, लंबी अनुपस्थिति, आर्थिक अनियमितता से निलंबित कर्मचारी का पूरा वेतन का एरियर के रूप में लाखों का भुगतान, बिना काउंसलिंग के पदस्थापना, एक संस्था में दो प्रधान पाठक को कार्य कराना, शासन के निर्णय के विपरीत व्यवस्था समाप्त करने के बाद मौखिक आदेश देकर व्यवस्था में रखना, बिना किसी मापदंड के सालों पुरानी ऐतिहासिक शालाओं को मर्ज करना, मर्जीकरण से पूर्व शाला प्रबंध समिति को किसी भी प्रकार की सूचना न देना, पांचवी ओर आठवीं की पूरक परीक्षा को लेकर अभी तक कोई टाइम टेबल जारी न करना है। इसके अलावा बहुत सी शिकायतें हैं, जिसको जिला कलेक्टर के समक्ष रखा गया। परंतु, कोई पहल अब तक नहीं हुई। मांगों पर विचार न होने पर आंदोलन के तीसरे चरण में पदयात्रा कर मुख्यमंत्री से गुहार लगाएंगे। बैठक में पदयात्रा की तैयारी को अंतिम रूप प्रदान कर पदयात्रा प्रभारियों की नियुक्ति की गई है। बैठक में प्रमुख रूप से प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सिराज बक्श, ब्लॉक कार्यकारी अध्यक्ष राजेश चंद्राकर, आत्मा राम साहू, अजय कुमार बंजारे, फागू लाल पटेल, जितेंद्र कुमार साहू, मुकेश कुमार चंद्राकर, विनेश पांडे, लव निर्मलकर, दिगेश पुरेना, ललित कुमार साहू, राजेश भालेराव, शफीक अहमद खान, नूतन दुबे, सीमा यादव, सुनीता ध्रुव, मुनिया निर्मलकर, मंजू अंबिलकर, निहारिका चंद्राकर, रेखा कन्नौजे, नागेश्वरी साहू, पूर्णिमा साहू, देव कुमारी ध्रुव, प्रतिभा साहू, मुकेश कुमार सिंह देव सिंह, मुकेश बेस आदि उपस्थित रहे।



## संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर बूथ अध्यक्षों की हुई बैठक

**महासमुंद।** 3 जुलाई को जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा शहर मंडल के बूथ अध्यक्षों की बैठक जिलाध्यक्ष येतराम साहू की उपस्थिति में हुई। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने कहा कि पार्टी के शीर्ष संगठन द्वारा आगामी समय के लिए बूथ स्तर पर जो कार्यक्रम दिए है उन्हें सभी अपने अपने बूथों में जिम्मेदारी से आवश्यक रूप से पूरी करें। बूथ भाजपा की सर्वाधिक महत्वपूर्ण इकाई है और बूथ समिति के लोगों का स्थानीय स्तर पर वहां के नागरिकों से जनसम्पर्क और संवाद होता है। येतराम साहू ने कहा कि भाजपा की केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी कार्यो और कार्यक्रमों को लेकर हम सभी को बूथ स्तर पर सतत नागरिकों के सम्पर्क में रहना है। बताया गया कि 6 जुलाई को जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जयंती बूथों में मनाई जाएगी। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम प्रत्येक बूथों में लगाया जाएगा। बैठक का संचालन महामंत्री अग्रज शर्मा एवं आभार हनीश बग्गा ने किया। बैठक में नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, गोपाल वर्मा, मुन्ना साहू, ऋषभ बाफना, नईम खान, हिमांशु चंद्राकर, भगवती करकसे, पांडुरंग मदनकार, सोनाधर सोनवानी, भुनेश्वर साहू, निशा नायक, सुरेंद्र दास, विनोद गुप्ता, महेश चौहान, खुसाल ठाकुर, महेंद्र सिक्का, जतिन रुपरेला आदि उपस्थित रहे।



### कोमाखान में मनाया गया माता पहुंचनी का पर्व

**पटपरपाली (कोमाखान)।** ग्राम कोमाचान के मां शीतला मंदिर में 3 जुलाई गुरुवार को माता पहुंचनी का पर्व श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया गया। मंदिर सुबह से देर शाम तक माता की विशेष पूजा अर्चना कर श्रद्धालुओं को रोठ, नारियल व ठंडाई प्रसादी का वितरण किया गया। मंदिर समिति के सदस्य केआर सोनी ने बताया कि यह मंदिर 65 वर्ष पूर्व ग्राम के प्रतिष्ठित सराफा व्यसायी एवं नागरिक स्व. छेदीलाल सोनी द्वारा ग्रामवासियों की मांग पर स्थापित करवाया गया था। पश्चात जन सहयोग से भवन में माताजी स्थापित है। माताजी के सम्मुख शिवजी का मंदिर एवं बगल में दक्षिण मुखी हनुमान विराजे हैं। माताजी के मंदिर के दाएं एवं बाएं विशाल पीपल व वटवृक्ष इस स्थान की महत्ता को स्वयं ही प्रकट कर रहे हैं। वर्तमान में बैगा डमरू ठाकुर व पुरोहित बरुण उपाध्याय अपनी सेवाएं दे रहें हैं।


## योजनाओं को प्रभावी ढंग से किसानों तक पहुंचाना हमारा लक्ष्यः चंद्रहास

### झलमला एवं मरौद बीज प्रक्रिया केंद्र में आयोजित कृषक संगोष्ठी में निगम अध्यक्ष हुए शामिल

महासमुंद। छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा छग शासन) चंद्रहास चंद्राकर 3 जुलाई को बालोद व धमतरी जिले के प्रवास पर रहे। उन्होंने बालोद जिले के झलमला तथा धमतरी जिले के मरौद स्थित बीज प्रक्रिया केंद्रों में आयोजित कृषक संगोष्ठी कार्यक्रम में शामिल होकर किसानों को उन्नत कृषक बनने संबोधित किया।

झलमला में आयोजित संगोष्ठी में जिलेभर के विभिन्न ग्रामों से सैकड़ों किसानों ने भाग लिया। संगोष्ठी में कृषि नवाचार पर जोर, किसानों की समस्या पर संवाद, उन्हें योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निगम अध्यक्ष चंद्राकर ने कहा कि हमारा लक्ष्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि किसानों तक उसे प्रभावशाली रूप से पहुंचाना है। इस प्रकार की संगोष्ठियां किसानों को सीधे संवाद का अवसर देती हैं। उन्होंने महिला कृषकों को भी आगे आने का आह्वान करते हुए कहा कि आज कृषि में महिलाओं की भागीदारी और नेतृत्व अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बीज निगम की ओर से किसानों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी भी साझा की और किसानों से आग्रह किया कि वे उन्नत बीज और तकनीकी जानकारी से लाभ लें। चंद्राकर ने झलमला बीज प्रक्रिया केंद्र का किसानों के साथ निरीक्षण भी किया। झलमला के कार्यक्रम के पश्चात वे मरौद जिला धमतरी के लिए रवाना हुए तथा वहां भी संगोष्ठी में शामिल होकर किसानों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनी। झलमला का कार्यक्रम बीज निगम प्रबंधक माधुरी बाला के समन्वय से हुआ। जिसमें जिले भर से पंजीकृत सैकड़ों किसानों ने भाग लेकर शासन की योजनाओं को गंभीरता से जाना और कृषि क्षेत्र में उन्नति का संकल्प लिया।






## खबर संक्षेप



### विधायक साहू ने विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

**रायपुर।** रानी लक्ष्मीबाई अमन नगर में गुरुवार को 24 लाख 15 हजार रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। साथ ही प्रगति नगर में विधायक निधि से बने 10 लाख के सामुदायिक भवन का लोकार्पण विधायक मोतीलाल साहू ने किया। वार्ड पार्षद देवदत्त द्विवेदी ने विधायक की और क्षेत्र के निवासी अख्तर चौहान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। इस उद्घाटन कार्य से स्थानीय निवासियों में उत्साह देखने को मिला। इसी दौरान निवासियों ने विधायक और पार्षद देवदत्त द्विवेदी का धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में जोन अध्यक्ष गोपेश साहू, एमआईसी सदस्य खेम सेन, पार्षद मोहन साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष नागोडे, विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजन जयप्रकाश चंद्रवंशी, ओमेश जिभेकर, मंडल उपाध्यक्ष आरिफ सिद्दीकी, मुस्लिम समाज के मुतवल्ली और वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

### रेलवे जोन के जीएम ने किया 27 अधिकारियों का सम्मान

**रायपुर।** बिलासपुर रेलवे जोन के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने जोन मुख्यालय में बुधवार को पूरे जोन के कुल 27 लोगों को सम्मानित किया, इनमें रायपुर रेलवे स्टेशन के चार अधिकारी शामिल हैं। रायपुर के मुख्य पार्सल पर्यवेक्षक प्रबल मित्रा, मुख्य वाणिज्य पर्यवेक्षक रामसिंह नेताम, सीनियर टिकट पर्यवेक्षक बाय सुधाकर राव और मुख्य टिकट इंस्पेक्टर केवी राव शामिल हैं। इन चारों को जोन मुख्यालय बिलासपुर में उत्कृष्ट सेवा प्रमाणपत्र और सम्मान राशि देकर सम्मानित किया गया। रायपुर स्टेशन के सभी अधिकारी-कर्मचारियों इस पर हर्ष जताया है। इस मौके पर रेलवे अधिकारियों ने बताया कि बिलासपुर रेलवे जोन के महाप्रबंधक ने 20 जून को रायपुर रेलवे स्टेशन का दौरा कर निरीक्षण किया था। उसके पूर्व भी महाप्रबंधक रायपुर रेल्वे स्टेशन का दौरा कर सुरक्षा, सफाई, सिग्नल, बुकिंग, पार्सल, वाणिज्य, निर्माण और अन्य सभी कार्यों की बारीकी से जांच कर चुके थे।

# मुंह में पिन दबाए था 13 वर्षीय बालक, खांसते वक्त चला गया फेफड़े में, खोजने वीडियो ब्रोंकोस्कोपी की मदद


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एम्स में अपने तरह की दुर्लभ सर्जरी करते हुए एक 13 वर्षीय बालक के सीने से पिन निकाला गया। बालक पिछले दो सप्ताह से लगातार सीने में दर्द और तेज बुखार की शिकायत अपने परिजनों से कर रहा था। इसके बाद बालक 30 जून को एम्स के ट्रॉमा और आपातकालीन विभाग में खांसी में खून आना, लगातार बुखार और दो सप्ताह से अधिक समय से सीने में दर्द की शिकायत के साथ आया था। जब उसका विस्तृत इतिहास लिया गया, तो उसने बताया कि वह एक पिन को मुंह में दबाकर उससे खेल रहा था, जिसे खांसते समय उसने गलती से निगल लिया था एक्सरे के बाद यह सामने आया कि बालक के सीने में पिन धंसी हुई है। इसके बाद एम्स के विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में जांच और ऑपरेशन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान की एक बहुविशेषज्ञीय टीम ने फेफड़े में गहराई तक फंसी धातु की इस नुकीली पिन को सफलतापूर्वक बाहर निकाला।

**निमोनिया के भी लक्षण:** जांच में सामने आया कि नुकीली धातु की पिन बाएं फेफड़े के निचले हिस्से के ब्रोंकस (श्वासनली की शाखा) में फंसी हुई है। साथ ही वहां पर निमोनिया के भी लक्षण दिखे। फेफड़े को और क्षति या रक्तस्राव से बचाने के लिए तत्काल उपचार आवश्यक था। मरीज की तुरंत ब्रोंकोस्कोपी (श्वासनली की एंडोस्कोपिक जांच) का निर्णय लिया गया। वीडियो ब्रोंकोस्कोपी की मदद से टीम ने पिन को सटीक रूप से खोजा और विशेष उपकरणों द्वारा सावधानीपूर्वक बाहर निकाला। मामूली रक्तस्राव को टेम्पोनाड और स्थानीय एड्रेनालिन द्वारा नियंत्रित किया गया। यह प्रक्रिया सफल रही और कोई जटिलता नहीं हुई। अगले दिन बच्चे को एंटीबायोटिक्स और फिजियोथेरेपी निर्देशों के साथ छुट्टी दे दी गई।

## विशेष उपकरणों की मदद से चिकित्सकों की टीम ने निकाला बाहर

लगातार बुखार और सीने में दर्द की शिकायत के बाद सामने आया था मामला



### समय पर पहचान ना होने से जटिलताएं

फेफड़े में फंसी वस्तुएं यदि समय पर पहचानी न जाए तो गंभीर जटिलताएं हो सकती हैं, जैसे-बलगम जमा होना, सांस की नली अवरुद्ध होना, संक्रमण या फेफड़े को स्थायी क्षति। एम्स के चिकित्सकों ने कहा, उन्नत ब्रोंकोस्कोपी तकनीकों द्वारा समय पर पहचान और कम से कम इनवेसिव हस्तक्षेप के जरिए फेफड़े की कार्यक्षमता को सुरक्षित रखा जा सकता है और सर्जरी से बचा जा सकता है। इलाज करने वाली टीम में डॉ.रंगनाथ टी.गंगा, डॉ.अजय बेहेरा, डॉ. प्रवीण दुबे और डॉ.राहुल चक्रवर्ती शामिल रहे। एनेस्थीसिया विभाग से डॉ. देवेन्द्र त्रिपाठी, डॉ. चंदन डे और डॉ. शमा खान का सहयोग प्राप्त हुआ। रेडियोलॉजी विभाग ने भी महत्वपूर्ण सहयोग दिया। एम्स निदेशक ले.जनरल अशोक जिंदल ने पूरी टीम को चिकित्सकीय दक्षता के लिए बधाई दी।

## कार्यक्रम : सरस्वती योजना की साइकिल मिली, छात्राओं के चेहरे खिले

# चुरकी में साइकिल वितरण एवं पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



शासकीय हाईस्कूल चुरकी में साइकिल वितरण, शाला प्रवेशोत्सव एवं पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष येतराम साहू थे। कार्यक्रम में शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हृदय राम ध्रुव, स्काउट गाइड संघ के जिला उपाध्यक्ष आनंद साहू, दुलीकेशन साहू ओबीसी मोर्चा महामंत्री, भाजपा खल्लारी मंडल के अध्यक्ष लोकेश पनुरिया, महामंत्री ताराचंद देवांगन, संजय साहू, कुबेर यादव, निलेश साहू, लेखराम बरिहा उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि येतराम साहू के आगमन पर मुख्य द्वार में संस्था के प्राचार्य जेआर दीवान समस्त स्टाफ एवं कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों ने तिलक लगाकर एवं स्वयं द्वारा बनाए पुष्प गुच्छ से मुख्य अतिथि का स्वागत किया। आगंतुक सभी अतिथियों ने कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या की आराध्य देवी मां सरस्वती की पूजा कर आरंभ किया गया। संस्था के स्टाफ एवं समिति के अध्यक्ष ने सभी अतिथियों को तिलक लगाकर एवं पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि येतराम साहू ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों को पुस्तक वितरण कर तिलक लगाकर मिठाई खिलाई। तत्पश्चात नवमी में प्रवेश लेने वाले 12 बालिकाओं को सरस्वती योजना के तहत साइकिल वितरण किया। मुख्य अतिथि येतराम साहू के साथ समस्त आगंतुक अतिथियों, स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत विद्यालय परिसर में पौधरोपण किए। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को कहा कि सफलता हासिल करना है तो लक्ष्य निर्धारित करना होगा। लक्ष्य निर्धारित करने के लिए समय का पाबंद होना जरूरी है। कार्यक्रम को शाला विकास समिति के अध्यक्ष हृदयराम ध्रुव ने भी संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि हम सब शाला समित के सदस्य विद्यालय के विकास के लिए अपना भरपूर योगदान देंगे साथ ही बच्चों को नियमित विद्यालय आने के लिए प्रेरित किए। कार्यक्रम को ताराचंद देवांगन, संजय साहू, दुलीकेशन साहू ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में संस्था के पुष्पा चौहान, प्रकाश टंडन, राकेश कुर्रे, नंद कुमार साहू, विद्यालय के विद्यार्थी एवं पालकगण उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन संस्था के प्राचार्य जेआर दीवान ने किया।

## स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि मनाई



**सरायपाली (ग्रामीण)।** स्वामी विवेकानंद के पुण्यतिथि पर एनएसएस इकाई शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुलारपाली द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें स्वामी के कार्यों और उनकी शिक्षाओं का पुण्य स्मरण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन एनएनएस प्रभारी कृष्ण कुमार नायक के निर्देशन में हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रेमानंद भोई ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का व्यक्तित्व हमें बाधाओं की चिंता किए बगैर आगे बढ़ने और हर मुश्किलों का सामना साहस से करना सिखाती है। जीवन संघर्ष में उनकी शिक्षाओं का अनुसरण करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर उपेंद्र बुडेक, टेकलाल पटेल, रोहित साहू, अंजलि पटेल, कविता पटेल, सुशांत प्रधान, रूपधर पटेल सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं, स्वयं सेवक एवं छात्र-छत्राएँ उपस्थित रहे।

## पार्षदों ने 5 वर्षों की कार्ययोजना अध्यक्ष को सौंपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

वार्ड क्रमांक 12 तथा वार्ड 26 के पार्षदों ने समेकित विकास योजना (सीडीपी) के तहत अपने अपने वार्डों में आगामी 5 वर्षों में कराए जाने के लिए विभिन्न विकास कार्यों की रूपरेखा तैयार कर नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू को सौंपा। नपाध्यक्ष साहू ने कहा कि नगरीय प्रशासन विभाग की ओर से समस्त नगरीय निकाय क्षेत्रों में आगामी 5 वर्षों में शहर में संभावित विकास कार्यों की कार्य योजना बनाकर मंगाए गए हैं। जिसके तहत पार्षद अपने अपने वार्डों में आगामी 5 वर्ष के भीतर कराए जाने वाले संभावित विकास कार्यों की रूपरेखा तैयार कर पालिका में जमा कर रहे हैं। इस योजना के तहत महासमुंद नगर पालिका के 30 वार्डों में विकास कार्य होंगे। जिसमें पार्षदों की सक्रिय भागीदारी के लिए उन्हें अपने वार्डों की जानकारी मंगाए जा रहे हैं। पालिका अध्यक्ष साहू को वार्ड 12 की पार्षद कल्पना सूर्यवंशी तथा वार्ड 26 के पार्षद पीयूष साहू ने कार्य योजना बनाकर सौंपा है।




## ऑनलाइन गिरदावरी के 10 महीने बाद भी नहीं मिला पारिश्रमिक

### पहली बार डिजिटल क्रॉप सर्वे के माध्यम से ली गई थी फसल की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली (ग्रामीण)

खरीफ एवं रबी सीजन में बेरोजगारों से ऑनलाइन गिरदावरी सर्वे करने के बाद भी उन्हें अपना मेहनताना नहीं मिल पाया है। सरकार ने खरीफ फसल एवं रबी सीजन में ऑनलाइन गिरदावरी सर्वेक्षण के लिए ग्रामीण शिक्षित बेरोजगारों की नियुक्ति की, मगर उन्हें उनका पारिश्रमिक देना भूल गई। खरीफ सीजन में किए गए गिरदावरी सर्वे के 10 महीना गुजर जाने के बाद भी उनका मेहनताना नहीं मिल पाया है। आर्थित परेशानी के चलते सर्वेयर अपना पारिश्रमिक पाने पटवारी एवं तहसील कार्यालय का चक्कर काट रहे है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2024-25 में खरीफ एवं रबी फसल का सर्वे कार्य के लिए सर्वेयर नियुक्त किया गया था। प्रत्येक खसरा नंबर सर्वे पर 10 रुपए मिलना था। प्रत्येक गांव में चार-पांच सर्वेयरों की नियुक्ति पटवारी के माध्यम से की गई थी। बेरोजगारी का दंश झेल रहे इन बेरोजगारों ने अल्प पारिश्रमिक के बावजूद भी हर खेत में उतरकर गिरदावरी सर्वे का कार्य पूर्ण किया मगर 10 माह बाद भी पारिश्रमिक का भुगतान नहीं हो पाया। सर्वेयर पटवारी तहसील कार्यालय का संपर्क करने पर सिर्फ कोरा आश्वासन ही मिलता है। कई बार सर्वेयर और पटवारी के मध्य भुगतान को लेकर विवाद की स्थिति भी निर्मित हो रही है। ग्राम रोहिना के गिरधारी साहू ने बताया कि उनके द्वारा खरीफ एवं रबी सीजन में सर्वे कार्य किया है। करीब 800 खसरा नंबर का सर्वे किया है, उन्हें करीब 8000 का पारिश्रमिक मिलना है। मगर अभी तक नहीं मिल पाया है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रत्येक खेत में उतरकर कार्य करना पड़ता था। जिस खेत का सर्वे करना होता था उस खेत को ढूंढने एवं खसरा नंबर मिलाने में काफी मुश्किल होता था।

गर्मी बरसात के बावजूद भी उन्होंने इस कार्य को किया। मगर, अभी तक पारिश्रमिक नहीं मिला है। उच्च अधिकारियों को फोन करने पर भी फोन रिसीव नहीं किया जाता है और तहसीलदार बसना से भी कई बार संपर्क किया गया मगर सिर्फ आश्वासन भर मिलता है।

# पुलिस की इंस्टाग्राम आईडी पर साइबर अटैक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोगों को साइबर सुरक्षा देने वाली पुलिस की साइबर विंग के इंस्टाग्राम पेज पर गुरुवार को अटैक कर अश्लील सामग्री परोस कर पुलिस को परेशान कर दिया।हालांकि पुलिस ने एक घंटे के भीतर सिस्टम को रिकवर कर लिया। पोस्ट में हैकरों ने एलन मस्क तथा एक लड़की को दिखाया है। पुलिस की इंस्टाग्राम आईडी हैक होने की घटना शाम पांच बजे के करीब हुई थी।

■ हैकरों ने अश्लील सामग्री परोस कर पुलिस को किया परेशान

जानकारी के मुताबिक पुलिस के इंस्टाग्राम पेज पर अचानक एलन मस्क के साथ एक युवती का इंस्टाग्राम में वीडियो चलने लगा। पुलिस के इंस्टाग्राम पेज पर एलन मस्क तथा युवती का वीडियो देखकर फॉलोवर कुछ समझ नहीं पाए। फॉलोवर को लगा पुलिस कुछ मैसेज देना चाह रही है। बाद में फॉलोवर को पता चला की किसी ने पुलिस का इंस्टापेज हैक कर लिया है। इसी दौरान पुलिस को भी अपने इंस्टाग्राम पेज हैक होने की भनक लग गई। इंस्टाग्राम पेज हैक होने की जानकारी मिलने पर पुलिस के साइबर एक्सपर्ट ने किसी तरह पेज रिकवर कर पोस्ट को डिलीट किया और राहत की सांस ली।




### 80 हजार से ज्यादा फॉलोवर

रायपुर पुलिस की इंस्टाग्राम आईडी में 80 हजार फॉलोअर्स हैं। पेज हैक होने पर फॉलोअर्स के अलग-अलग तरह के कमेंट आने लगे। एक यूजर ने लिखा कि सक्सेसफुली आईडी हैक। दूसरे यूजर ने लिखा कि साइबर क्राइम को पकड़ने में रायपुर पुलिस की इंस्टाग्राम आईडी हैक हो गई। एक यूजर ने लिखा कि पुलिस का ही सर्वर हैक हो गया। कई अन्य इंस्टाग्राम यूजर ने भी कॉमेंट्स में अलग-अलग तरह की टिप्पणी की है। इसके साथ ही अलग-अलग इमोजी भी रिएक्शन के साथ पोस्ट कर पुलिस की मजाक बनाने लगे।

### खारुन में प्राकृतिक बहाव से बढ़ने लगा जलस्तर सिंचाई विभाग को आपूर्ति रोकने भेजेंगे चिट्ठी

**रायपुर।** मानसूनी सीजन शुरू होते ही शहर की जीवनदायिनी खारुन नदी में प्राकृतिक बहाव का पानी पहुंचने लगा है। इससे नदी के जलस्तर में वृद्धि हुई है। निगम के जल विभाग को उम्मीद जगी है, ऐसी ही स्थिति आने वाले 2 से 3 दिनों तक बनी रहने पर वे सिंचाई विभाग को चिट्ठी लिखकर गंगरेल डेम से कच्चे पानी की आपूर्ति बंद करने का आग्रह करेंगे। गंगरेल डेम से शहर के लिए प्रतिदिन 250 क्यूसेक रॉ वाटर की जरूरत पड़ती है, पर पिछले एक सप्ताह से नदी में प्राकृतिक बहाव से पानी आने के कारण यह मात्रा अब घटकर 150 क्यूसेक रह गयी है। यानी डेम से लिये जाने वाले रॉ वाटर की मात्रा में 100 क्यूसेक तक कमी आई है। आने वाले दिनों में प्राकृतिक बहाव से भरपूर पानी मिलने पर गंगरेल डेम से पानी आपूर्ति की जरूरत नहीं रहेगी।

# अब निर्माण सहित सभी कार्यों में ई-चालान, ई-नोटिस देगा निगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम अब अपने निर्माण सहित सभी कार्यों में ई चालान और ई नोटिस देगा। इसमें नक्शा स्वीकृति से लेकर दी जाने वाली सभी स्वीकृति एवं नोटिस मेनुअल की जगह ऑनलाइन रहेगा। निगम आयुक्त विश्वदीप ने नगर निवेशक आभाष मिश्रा को निर्देशित किया है कि शहर के नागरिकों के नगर निगम संबंधित कार्यों को अधिक सहज और सुविधा युक्त बनाया जाये।

रायपुर नगर निगम अपने निर्माण कार्यों में पारदर्शिता लाने ई चालान और ई नोटिस का सिस्टम विकसित करने जा रहा है। गुरुवार को महात्मा गांधी सदन में आयुक्त विश्वदीप से समय-सीमा समीक्षा बैठक में विभागीय अधिकारियों को इस संबंध में दिशा निर्देश दिये हैं। आयुक्त ने कहा है कि ई चालान की व्यवस्था प्रभावी तरीके से की जाये। अधोसंरचना मद, विधायक निधि, विविध निधियों के विकास कार्यो की समय-समय पर निगरानी कर समय सीमा में कार्य पूरा करवाए जाएं। निगम आयुक्त विश्वदीप में बैठक के दौरान मुख्यमंत्री जनदर्शन, निदान 1100, जन प्रतिनिधियों से प्राप्त आम जनता की समस्याओं से संबधित आवेदनों को गंभीरता से लेकर उसका त्वरित निदान करने के निर्देश दिये हैं। इसी तरह शौचालय, तालाब, प्रमुख मार्गों और बाजारों में अच्छी सफाई व्यवस्था कायम रखने की हिदायत दी। उन्होंने सभी जोन आयुक्तों से जोनवार जलभराव क्षेत्रों की जानकारी देने के निर्देश दिये, ताकि समय रहते आवश्यक कदम उठाया जा सके।

बैठक में अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, यूएस अग्रवाल, पंकज शर्मा, विनोद पांडे, कृष्णा खटिक, अधीक्षण अभियंता द्वय, उपायुक्त और जोन कमिश्नर, नगर निवेशक, विभिन्न विभागों के प्रभारी अधिकारी, कार्यपालन अभियंता, स्वास्थ्य अधिकारी सहित जोन स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# रावांभाठा ट्रांसपोर्ट नगर पार्किंग की सरगर्मी हुई तेज, गाड़ी मालिकों व निगम का मसौदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बिरगांव निगम सीमा में आरडीए ने रावांभाठा में ट्रांसपोर्ट नगर बसाने के बाद व्यवस्था की कमान निगम को देने के बाद किनारा कर लिया। पार्षदों ने ट्रांसपोर्ट नगर में बिजली, पानी, सफाई और सुरक्षा के लिए जरूरी बजट जुटाने के लिए ट्रांसपोर्ट नगर में पार्किंग ठेका चलाने के लिए शुल्क तय करने के साथ उसे मंजूरी दी। इसके बाद गाड़ी मालिकों और व्यापारियों ने पार्किंग शुल्क का खुला विरोध किया। इसके बाद निगम ने फाइल ही बंद कर दी। अब एक बार फिर पार्किंग के मसौदे को सुलझाने की तैयारी है।

बिलासपुर नेशनल हाईवे से सटे रावांभाठा में ट्रांसपोर्ट नगर को बसाने का काम रायपुर विकास प्राधिकरण ने किया। करीब दो साल पहले व्यवस्था बनाने की जिम्मेदारी बिरगांव निगम को दी गई। ट्रांसपोर्ट नगर में 6 जगह बड़े व दो छोटे पार्किंग स्पेस होने के बाद भी भारी वाहन जहां-तहां पार्किंग के चलते अव्यवस्था की स्थिति है। इसमें सुधार के लिए निगम द्वारा सामान्य सभा में लाए गए पार्किंग शुल्क लेने के प्रस्ताव को 2024 में ही वार्ड प्रतिनिधियों ने सहमति दी। जो शुल्क तय किया गया वह अभी लागू नहीं किया गया है.इस मामले को लेकर साल 2025 में सामान्य सभा और बजट सत्र के बीच प्रतिनिधियों ने ट्रांसपोर्ट नगर पार्किंग का मसला उठाया था। इसे देखते हुए अब निगम प्रशासन ने पार्किंग के मसौदे को सुलझाने के लिए मीटिंग करने की तैयारी में है।



### इस कारण प्रस्ताव को मिली थी मंजूरी

सूत्रों ने बताया कि बिरगांव निगम ने पार्किंग ठेका तय करने से पहले तीन महीने खुद पार्किंग चलाने की सहमति दी। इससे होने वाली आय से पार्किंग में जरूरी सुविधा देने का प्रावधान किया गया। इसके बाद टेंडर के माध्यम से पार्किंग ठेका किसी एजेंसी को देने का निर्णय लिया गया। पार्किंग से होने वाली कमाई से ट्रांसपोर्ट नगर में जरूरी काम करवाना तय किया। इस मुद्दे के हर पहलू पर चर्चा के बाद सामान्य सभा में सहमति बनी, ताकि ट्रांसपोर्ट नगर में सफाई, बिजली, पानी, सुरक्षा इंतजाम किया जा सके।

### वर्तमान में सफाई सुरक्षा बड़ी चुनौती

ट्रांसपोर्ट नगर में अभी पार्किंग के लिए पर्याप्त जगह होने के बाद भी कोई व्यवस्था लागू नहीं है। इससे गाड़ियों की पार्किंग जहां-तहां की जा रही है। इससे आने-जाने वाले लोगों को दिक्कतों का सामना भी करना पड़ रहा है। इतना ही नहीं बारिश के मौसम में भी स्ट्रीट लाइट का पर्याप्त इंतजाम ट्रांसपोर्ट नगर में ट्रांसपोर्टरों को नहीं मिल रहा है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार उपतहसील पिरदा जिला महासमुंद (छ.ग.)**

**// नोटिस //**

क्रमांक /318/ वा.ना.तह./2025

पिरदा, दिनांक 20.06.2025

प्रति,

1. श्री गोपालदास पिता सुखदेवदास उम्र 60 पता- कबिरमठ सी-23/5 कबिर चौरा वाराणसी उत्तर प्रदेश पिन कोड- 221001

विषयः- पेशी तिथि के दिन उपस्थित होने बाबत।

आवेदक कबीर कुटी सेवा आश्रम समिती (पं.क्र.46 ख) महंत लखन मुनि प्राचीन कबीर कुटी ग्राम तरेकेला प.ह.न. 36 रा.नि.म. पिरदा, तहसील पिथौरा, जिला महासमुन्द (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि ग्राम तरेकेला प.ह.न. 36 स्थित भूमि वर्ष 1929-30 के पूर्व कबीर कुटी की स्थापना की गई थी जिसके लिए तत्कालीन भूमि स्वामी रायसिंग गोंड, समें सिंग और घासीराम सौरा के द्वारा लगभग 12 एकड़ भूमि मौखीक दान में पुराना ख.नं. 60, 192/2, 192/3, 195/2, 79/2, 80/2, 252/1 जिनका नया खसरा नम्बर 54, 56, 76, 78, 79, 838, कुल रकबा 4.4000 हे. भूमि दिया गया था। जिसे कबीर कुटी सेवा आश्रम समिती में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन किया गया है।

अतः आप पेशी दिनांक 26/07/2025 को इस न्यायालय में अपना उपस्थिति देना सुनिश्चित करें। आपके अनुपस्थिति होने की स्थिति में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**नायब तहसीलदार**
**उपतहसील पिरदा**
**जिला महासमुंद (छ.ग.)**

# नेशनल सॉफ्ट टेनिस चैंपियनशिप में मुस्कान ने जीता कांस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

20वीं जूनियर नेशनल सॉफ्ट टेनिस चैंपियनशिप बालक एवं बालिका 2025-26 का आयोजन 26 से 30 जून 2025 तक सॉफ्ट टेनिस संघ हरियाणा द्वारा पंचकुला हरियाणा में आयोजित किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य की टीम में महासमुंद जिले की मुस्कान निषाद पिता पवन निषाद ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने में सफलता हासिल की।

राष्ट्रीय जूनियर सॉफ्ट टेनिस चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने पर मुस्कान को कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने इनके उज्ज्वल भविष्य की शुभेच्छा जताई। जिपं सीईओ एस आलोक, डीएफओ मयंक गुप्ता, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, सहायक क्रीड़ा अधिकारी अंजलि बरमाल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिंहा, हिना ढालेन, अनिल पुस्तकर अध्यक्ष राज्य सॉफ्ट टेनिस संघ, प्रमोद ठाकुर प्रशिक्षक, रीमा राय प्रशिक्षक, रवि धनगर मैनेजर, दिलीप विश्वकर्मा मैंनेजर, संजय शुक्ला, अनिल राय, उमेश ठकुर, राजेश पाटिल, हेमेंद्र आचर्य प्राचार्य सेजेश हिन्दी महासमुंद, चमन चंद्राकर व समस्त स्टॉप, व्यायाम शिक्षक अंजनी साहू, डॉ. सुनील कुमार भोई, चारु लता, डॉ. सेवन दास मानिकपुरी व घनश्याम सोनी, हरिशंकर साहू, ओमेश्वरी विश्वकर्मा, गौतम साहू, जिज्ञासा साहू, अविरा ध्रुव, महफूज सिदरा, अमन साहू, ओजस यादव, गीतांश साहू, आयुष ध्रुव ने हर्ष जताया।



**सॉफ्ट टेनिस खेल का कराया जा रहा अभ्यासः** सॉफ्ट टेनिस खेल का अभ्यास वन विद्यालय टेनिस कोर्ट में प्रशिक्षक अंजनी साहू व्यायाम शिक्षक के नेतृत्व एवं वन विभाग एवं खेल विभाग के सहयोग से नियमित रूप से किया जा रहा हैं। खेल को आगे बढ़ाने के लिए खेल विभाग द्वारा संसाधन उपलब्ध कराया गया है। जिसके माध्यम से खेल संचालित किया जा रहा हैं। खेल विभाग द्वारा ग्रीष्म कालीन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें खिलाड़ियों को प्रतियोगिता के लिए तैयार किया जा रहा। जिले के खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय सॉफ्ट टेनिस एवं टेनिस खेल में भागीदारी करने के साथ पदक प्राप्त किया है। नवीन यादव ने लॉन टेनिस में गोल्ड मेडल, केशव साहू ने लॉन टेनिस में सिल्वर मेडल एवं स्कूल नेशनल में भागीदारी की है, नूरजहां पटेल ने सॉफ्ट टेनिस में सिल्वर मेडल प्राप्त किया है। उत्कृष्ट खिलाड़ियों को कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने प्रमाण पत्र वितरण कर सम्मानित किया।

## खबर संक्षेप

### विवेकानंद की पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में भारत देश के गुरु एवं युवाओं के प्रेरणास्त्रोत का संदेश देने वाले स्वामी विवेकानंद पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान मितानिन कौशल्या चंद्राकर, भारती चंद्राकर दामिनी चंद्राकर, रुपेश चंद्राकर, भूषण चंद्राकर, जिगर चंद्राकर, कौशल्या चंद्राकर ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने भारतीय युवाओं के लिए प्रेरणा थे। और युवाओं को आत्मविश्वास और सांस्कृतिक गर्व का संदेश दिय था। स्वामी ने आज भी लोगों को प्रेरित करते है।



### नपाध्यक्ष की नाराजगी के बाद चौड़ीकरण के लिए खोदे गड्ढों को किया गया समतल

**महासमुंद।** बीटीआई मार्ग चौड़ीकरण कार्य में अनावश्यक विलंब तथा लापरवाही को लेकर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता से मुलाकात कर कार्य में गति लाने तथा गड्ढों के समतलीकरण करने की बात कही थी। वहीं कार्य में अनियमितता का आरोप लगाते हुए नाराजगी व्यक्त की थी। जिसके बाद शुक्रवार को विभाग द्वारा पुनः कार्य प्रारंभ कर गड्ढों की भराई व समतली करण कार्य किया गया। जिसका निरीक्षण करने नपाध्यक्ष साहू कार्य स्थल पर पहुंचे। उन्होंने कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। साहू ने कहा कि सार्वजनिक शिकायत के बाद पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन अभियंता से संपर्क किया गया था। जिसके पश्चात तत्काल गड्ढों की भराई कराई गई। इस त्वरित कार्रवाई से आमजन को राहत मिली और आवागमन सुगम हुआ।

**मनमानी : स्वसहायता समूह पर लगाया आरोप**

# सिरको में राशन वितरण में भारी अनियमितता, ग्रामीणों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

ग्राम सिरको में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत राशन वितरण में भारी गड़बड़ी और अनियमितता सामने आई है। राशन वितरण का जिम्मा संभाल रहे भवानी महिला स्वसहायता समूह पर ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि समूह ने नियमों की खुली अवहेलना कर मनमाने तरीके से कार्य किया है।

ग्रामीणों के अनुसार, राशन वितरण से पहले सरकार द्वारा निर्धारित वेरिफिकेशन की प्रक्रिया को दरकिनार कर, रेत (बालू) से तौलकर राशन कार्ड धारकों की पुष्टि की गई, जो पूर्णतः अवैध और नियमों के विरुद्ध है। इससे न केवल वितरण की पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न खड़ा हुआ है, बल्कि ग्रामीणों के बीच गहरा असंतोष भी फैल गया है।





### रेत से तौलकर किया वेरिफिकेशन

इस असामान्य और विवादित पद्धति के पीछे तर्क देते हुए राशन वितरणकर्ता ने संवाददाता से बातचीत में कहा कि अगर सरकारी नियमों के अनुसार वेरिफिकेशन करते, तो अब तक 30 प्रतिशत भी पूरा नहीं हो पाता। इसलिए हमने बालू से तौलकर 90 प्रतिशत कार्डों का वेरिफिकेशन कर दिया। यह बयान स्वयं ही सरकारी प्रक्रिया की अनदेखी और अनियमितता की पुष्टि करता है।

### राशन में कमी की शिकायतें

ग्रामीणों ने बताया कि वितरण के समय राशन की वास्तविक मात्रा कम निकली। इसमें गिरधारी / रूपधर 4 किलो राशन की कमी, मोहित/जयराम : 3 किलो, शंकर/बिंद्रा प्रसाद : 4 किलो, संतोष/जयराम : 3 किलो राशन की कमी मिलने की शिकायत है।

ग्रामीणों का कहना है कि राशन कभी किसी के घर में, तो कभी दुकानों में ले जाकर तौला गया, जिससे पारदर्शिता प्रभावित हुई। यह वितरण प्रक्रिया न तो पंचायत भवन में हुई, न ही सार्वजनिक स्थल पर, जिससे संदेह और भी बढ़ गया।

### फोन कर-कर के बुलाया गया, रेत से तौला गया राशन

गांववासियों ने यह भी बताया कि उन्हें बार-बार फोन कर बुलाया गया और उनके राशन को रेत के वजन से मिलाकर मनमाना वेरिफिकेशन किया गया। ग्रामीणों ने इस प्रक्रिया को अवैध बताते हुए स्पष्ट किया कि सरकारी नियमों के बाहर किया गया कोई भी वेरिफिकेशन अस्वीकार्य है और इसे अमान्य घोषित किया जाना चाहिए।

### प्रशासन से मांग-समूह बदला जाए, कार्रवाई हो

घटनाक्रम से आहत ग्रामीणों ने एक स्वर में भवानी महिला स्वसहायता समूह को बदलने की मांग की है। उनका कहना है कि अगर जल्द से जल्द इस पर कोई प्रशासनिक कार्रवाई नहीं होती, तो वे व्यापक स्तर पर विरोध दर्ज करेंगे। ग्रामीणों की यह भी अपेक्षा है कि प्रशासन गांव पहुंचकर जांच करे और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें। सवाल अब यह है कि प्रशासन इस गंभीर अनियमितता पर किस प्रकार की प्रतिक्रिया देता है। क्या दोषियों पर सख्त कदम उठाए जाएंगे या यह मामला भी अन्य शिकायतों की तरह धीरे-धीरे ठंडे बस्ते में चला जाएगा?

# नपाध्यक्ष ने किया पालिका के विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण

## जल विभाग के अनुपस्थित कर्मचारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

नपाध्यक्ष खिलेश्वरी छोटू बघेल ने शुक्रवार को नगर पालिका के विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लोक निर्माण, राजस्व विभाग, आवास विभाग, जल विभाग व अन्य कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यप्रणाली, कर्मचारियों की उपस्थिति, और परिसर की साफ-सफाई देखी। इस दौरान जल विभाग के अनुपस्थित कर्मचारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिए।

नपाध्यक्ष खिलेश्वरी छोटू बघेल ने नगर पालिका परिसर की स्वच्छता और व्यवस्थाओं पर विशेष जोर दिया। उन्होंने परिसर को स्वच्छ, व्यवस्थित और नागरिकों के लिए सुगम बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने समस्त कर्मचारियों को समय पर कार्यालय आने और नगर पालिका द्वारा जारी किए गए पहचान पत्र (आईडी कार्ड) अनिवार्य रूप से पहनने का निर्देश दिया। नपाध्यक्ष ने निरीक्षण के दौरान संबंधित कर्मचारियों को कार्यालयों में जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि नपा प्रशासन का मुख्य उद्देश्य आम जनता को बेहतर सेवाएं प्रदान करना है और इसके लिए सभी कर्मचारियों को अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ करना होगा।



इस औचक निरीक्षण के दौरान जल विभाग के रमेश पटेल को नपा प्रशासन की ओर से कारण बताओ नोटिस जारी किया। इस दौरान नपा कार्यालय में इंजीनियर शशिप्रताप सिंह, चंदर मिर्धा, हैप्पी सिंह, सलीम सहित कार्यालयीन कर्मचारी उपस्थित थे



### अच्छी बारिश के बाद खेती कार्य में आई तेजी

**अरंड (पिथौरा)।** शुक्रवार को दिन भर हल्की बारिश की फुहार जारी रही। फसल की तैयारी में जुटे किसान के चेहरे खिल उठे। दो दिन से हो रहे बारिश के साथ खेती किसानी कार्य में तेजी आई है। धान के रोपा का का कार्य शुरू हो गया है। ग्राम खुटेरी में रोपाई कार्य करते हुए मजदूर। खेतों में चहल-पहल बढ़ गई है।

## पिथौरा में स्काउट-गाइड की हुई बैठक 7 को पौधरोपण करने का लिया निर्णय



**पिथौरा (ग्रामीण)।** भारत स्काउट्स और गाइड्स स्थानीय संघ पिथौरा की बैठक शासकीय बुनियादी स्कूल में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में संघ के अध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता पूर्व जिला उपाध्यक्ष स्वप्निल तिवारी ने की। जबकि, विशिष्ट अतिथि देवकुमारी चौधरी रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना से हुई। बैठक में राज्य मुख्यालय से मिले निर्देश के अनुसार आगामी 7 जुलाई को सुखीपाली हायर सेकंडरी स्कूल में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही वार्षिक आय-व्यय की जानकारी दी गई और पूरे साल के कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से चर्चा हुई। इस अवसर पर संतोष साहू जिला प्रशिक्षण अधिकारी, झनेश कुमार साहू सचिव, रामकुमार नायक, राजीव तिवारी, कमलेश दीवान, पतिराम पटेल, रोहिणी देवगन, अंशुमान तांडी, विजय सिन्हा, चतुर्भुज राणा, सुकांति नायक और दीपिका देवांगन भी मौजूद रहे। बैठक की जानकारी ब्लॉक मीडिया प्रभारी दिलीप निषाद ने दी।

## बिंद्रावन स्कूल में मतदान प्रक्रिया से बाल कैबिनेट का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बिंद्रावन में सत्र 2025-26 के लिए बाल कैबिनेट का गठन किया गया। जिसमें बाल संसद के विभिन्न पदों पर निर्वाचन प्रक्रिया के तहत पदाधिकारियों का गठन किया गया। निर्वाचन के लिए प्रचार एवं मतदान दोनों प्रक्रिया को सम्पन्न कराने के लिए शाला के शिक्षक रामप्रसाद साहू ने अहम भूमिका निभाई। इससे साहू ने सभी पदों पर पूर्व में जानकारी देकर आवश्यक तैयारी करने का दिशा निर्देश एक दिन पूर्व ही दिया गया।



निर्वाचन दिवस में सभी उम्मीदवारों ने चुनाव प्रचार कर वोट मांगा एवं शाला के सभी उपस्थित विद्यार्थियों ने मतदान प्रक्रिया में भाग लेकर बाल संसद के प्रमुख 8 पदों पर आवश्यक जानकारी दी गई। इको क्लब से संबंधित कार्यों को भी बच्चों को समझाइश दी गई। इसके बाद पदाधिकारियों का उनके कार्य महत्त्व एवं जिम्मेदारियों को विस्तार से बताया गया। बाल संसद के प्रधानमंत्री पद पर कक्षा आठवीं से डिगेश्वरी पांड़े निर्वाचित हुई। वहीं वित्तमंत्री के पद पर सुनीता, खेल एवं सांस्कृतिक मंत्री लेवण्या एवं डिंपेश्वरी, स्वास्थ्य एवं स्वछता मंत्री रेवती, उद्योग मंत्री दीपांजलि, शिक्षा मंत्री शशि, अनुशासन मंत्री निर्मला एवं उद्यानिकी एवं पर्यावरण मंत्री के पद पर लीलम निर्वाचित हुई। कक्षा में कप्तान के रूप में पहली से प्रतिमा, दूसरी से खुशाल, तीसरी से गोविंद, चौथी से भूमिका, पांचवी से खगेश्वर, छटवीं से डिंपेश्वरी, सातवीं से संजना एवं आठवीं से लेवण्या का चयन किया गया। सभी पदाधिकारियों को शाला में उनके कार्यों एवं कर्तव्यों के लिए शपथ दिलाई गई। प्रधानपाठक गोविन्द सिंह चक्रधारी ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ व कार्य भार बाल कैबिनेट गठन कार्यक्रम में शाला परिवार से शिक्षक वैशाली निगम, डगौरी यादव, नीता ठाकुर एवं धनेश्वरी बांसकर ने सभी विद्यार्थियों को विभिन्न पदों पर जिम्मेदारी से काम करने के लिए प्रेरित किया।

## बनियातोरा में सड़क की सौगात, विधायक के प्रयासों से स्वीकृत हुआ 3.31 करोड़

**बागबाहरा।** जिले की खल्लारी विधानसभा के अंतर्गत ग्राम बनियातोरा क्षेत्र में वर्षों से उपेक्षित परसुली से बनियातोरा मार्ग के निर्माण के लिए क्षेत्रीय विधायक द्वारिकाधीश यादव के प्रयासों से 3 करोड़ 31 लाख 13 हज़ार की प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त हुई है। यह कार्य वर्तमान में निविदा प्रक्रिया में है, जिसकी पूर्णता के पश्चात निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कर दिया जाएगा। ग्रामवासियों की लंबे समय से यह मांग रही थी कि सड़क की दुर्दशा को दूर किया जाए, क्योंकि खराब मार्ग के चलते ग्रामीणों को दैनिक आवागमन, विशेषकर वर्षा ऋतु में, भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। ग्रामीणजनों की इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए विधायक यादव ने इसे अपनी प्राथमिकता में रखते हुए शासन स्तर पर लगातार पहल की, जिसका परिणाम आज स्वीकृति के रूप में सामने आया है। ग्रामीणों ने विधायक द्वारिकाधीश यादव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## कर्मा कन्या महाविद्यालय में मनाया गया विश्व प्लास्टिक बैग मुक्ति दिवस



**महासमुंद।** शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय में अंतराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस मनाया गया। अंतराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस हर साल 3 जुलाई को मनाया जाता है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. एसबी कुमार द्वारा छात्राओं को प्लास्टिक के सामानों (बोतलों, थैलों आदि) का कम उपयोग करने संबंधी जानकारी दी गई। सिंगल यूज प्लास्टिक जिसे डिस्पोजेबल प्लास्टिक भी कहा जाता है। हमारे स्वास्थ्य व पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा है। इसके उत्पादन, उपयोग व निपटान से कई समस्याएं होती हैं। सिंगल यूज प्लास्टिक सैकड़ों वर्षों तक विघटित नहीं होते हैं, इससे भूमि, जल और वायु प्रदूषण होता है। महाविद्यालय में इस अवसर पर छात्राओं तथा समस्त स्टॉफ द्वारा प्लास्टिक बैग के उपयोग से बचने, उसका पुनर्चक्रण करने तथा अपने परिवार, मित्रों व अन्य समुदाय को प्लास्टिक कूड़ा कचरा न फैलाने तथा कचरे का जिम्मेदारी से निपटान करने का शपथ लिया गया। छात्राओं द्वारा महाविद्यालय परिसर में प्लास्टिक कचरे व अन्य कचरों की साफ सफाई की गई तथा महाविद्यालय परिसर में प्लास्टिक बैग उपयोग ना करने के लिए पोस्टर लगाए गए। इस अवसर पर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. सरस्वती वर्मा, ओमप्रकाश पटेल, डॉ.मनोज कुमार शर्मा, जेपी खटकर, वंदना यादव, कविता गहीर, अरविंद साहू, खगेश्वर नवरंगे, संतराम मन्नाडे, प्रयोगशाला सहायक अश्वनी कुमार लोधी व मनीष बंजारे उपस्थित रहे।

# सलिहाभाठा स्कूल का मनाया गया स्थापना दिवस, छात्रों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्राथमिक शाला सलिहाभाठा में शाला स्थापना दिवस मनाया गया। शाला के 63वीं वर्षगांठ पर गांव के लोगों की उपस्थिति में पुरानी यादों को सभी के साथ आनंददायी अनुभूति में साझा किए। इस अवसर पर शाला परिवार की ओर से शाला खुलने के वर्ष में दर्ज विद्यार्थी के रुप में कार्यक्रम में उपस्थित बरतनीन दीवान और दशमत ध्रुव को सम्मानित किया गया। गांव के नवयुवा और शिक्षाविद हितेश दीवान द्वारा शाला परिवार और नवप्रवेशी बच्चों के लिए शिक्षण सामग्री भेंट कर इस शाला में बिताए पलों को सभी के साथ साझा किया। गांव की महिला स्वसहायता समूहों के समन्वयक के तौर पर उपस्थित हीरा डड़सेना ने स्वसहायता समूह की तरह ही शाला और बच्चों की बेहतर शिक्षा के लिए सदैव शाला परिवार के साथ कदम से कदम मिलाकर हर संभव सहयोग के लिए सभी समूहों की ओर से आश्वासन प्रदान किए। वयोवृद्ध सक्रिय सदस्य घांसु राम दीवान ने शाला भवन के लिए किए संघर्षों को बताया कि किस तरह से कई जगहों पर दौड़-धूप करना पड़ा और कहा कि यह शिक्षा के प्रति लगाव से ही संभव हो पाया। शाला के प्रधानपाठक योगेश निर्मलकर द्वारा उपस्थित लोगों को शाला सहयोग और बच्चों के सीखने के बेहतर माहौल बनाने के लिए सतत प्रयास के लिए बना-बनाया ही बच्चों तक न पहुंचे बल्कि सीखते कैसे हैं यह सिखाने पर जोर देने की अपील की। ज्ञात हो कि समुदाय द्वारा शाला को विभिन्न अवसरों पर सदैव सहयोग मिलता रहता है।



### बच्चों ने भेंट की बाबा अंबेडकर का छायाचित्र

शाला स्थापना दिवस के गौरवशाली अवसर पर हमारे सहयोगी' कॉलम में उपस्थित सभी लोगों का हाथों के अंगूठे की छाप रबर पेंट से दीवार पोस्टर पर नाम सहित यादगार प्रतीक के रूप में लगाया गया। शाला के कुछ उत्साही बच्चों द्वारा इस मौके पर शाला को स्वयं से होकर प्रथम कानून मंत्री डॉ. भीमराव अंबेडकर की छायाचित्र भेंट किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक रामेश्वर ढीढी ने किया। इस अवसर पर प्रबंधन समिति अध्यक्ष पिरीतराम साहू, घांसु राम दीवान, बरतनीन दीवान, दशमत ध्रुव, बिसनी दीवान, बिंदा बाई ध्रुव, हितेश दीवान, गुलाब ध्रुव, पंचराम ध्रुव, कार्तिक राम सिन्हा, बीना यादव, रजनी दीवान, पूर्णिमा यादव, धनेश्वरी दीवान, कुसुमलता, हेमलता साहू, देवकी सिन्हा, पुष्पा सिन्हा, सुरुज बाई, मेहतरिन ध्रुव, फाग बाई यादव, प्रमिला ध्रुव, मीना दीवान, सावित्री दीवान, हीरा डड़सेना, टिकेश्वरी दीवान, धनेश्वरी साहू, धनेश्वरी निषाद, लक्ष्मी दीवान, धनेश्वरी ध्रुव, नीरा दीवान, पुनिया यादव, चंद्रकुमारी ध्रुव, कंवला दीवान, चेमिन दीवान, सहित माता पालक उपस्थित थे।

